नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 127   डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 13 मार्च 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in







श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

चैत्र नवरात्र 2023 (22 मार्च से 30 मार्च 2023 तक)

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये
कन्या छूट - 100/- रूपए

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द सावा शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, उद्धव साव, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।


## एक नजर

### मोदी सरकार की नीतियों के विरोध में कांग्रेस सोमवार को करेगी राजभवन का घेराव




**रायपुर।** मोदी सरकार की नीतियों के विरोध में कांग्रेस सोमवार को राजभवन का घेराव करेगी. कांग्रेस प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने मोदी सरकार पर अडानी को फायदा पहुंचाने के लिए एलआईसी, एसबीआई जैसी विश्वसनीय संस्थाओं का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए इसके विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने अनियमित कर्मचारियों के प्रदर्शन पर कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हर वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं. बजट में बहुत से कर्मचारियों को राहत मिली. शेष अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण की व्यवस्था भी जल्द की जाएगी।

# नगर पंचायत अध्यक्ष की अग्निपरीक्षा आज

जोहार छत्तीसगढ़.
धरमजयगढ़।




नगर पंचायत धरमजयगढ़ अध्यक्ष के लिए अग्निपरीक्षा है। क्योंकि अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मिलन आज है। अग्निपरीक्षा में स्वयं को सही साबित कर के दिखाना है। साल भर पहले हुए परीक्षा में अध्यक्ष पास हो गई थी। लेकिन राजनीतिक समीकरण कुछ अलग नजर आ रहा है। जिससे तरह-तरह की चर्चा शहर में हो रही है। अब जब मत का पिटारा खुलेगा तभी सब कुछ साफ हो पाएगा। भाजपाई पार्षद इस बार पूरी तरह आश्वस्त हैं कि अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाएगा। वहीं कांग्रेसी पार्षद विधायक के इशारे का इंतजार कर रहे हैं। अविश्वास प्रस्ताव पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का पार्षदों के साथ बैठक हो चुकी है। वहीं कांग्रेस पार्टी के पर्यवेक्षक भी धरमजयगढ़ में बैठक कर चुके हैं। नगर में तो यह चर्चा जोरों से चली की नगर पंचायत अध्यक्ष भाजपा प्रवेश करने वाले हैं। लेकिन अचानक किया हुआ कि मामला एकदम शांत हो गया। अविश्वास प्रस्ताव में सबसे निर्णायक भूमिका विधायक लालजीत सिंह राठिया की होगी। जो कांग्रेसी पार्षदों को क्या घुट्टी पिलाते हैं। राजनीतिक जानकारों की नजर विधायक के इशारों पर टिकी है। वहीं भाजपा पार्षद तो विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। जिनके पास खोने के लिए कुछ नहीं और पाने के लिए बहुत कुछ है। 13 मार्च को सुबह से ही सम्मिलन की कार्यवाही शुरू हो जाएगी। जिसके लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिगेश पटेल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। धरमजयगढ़ जनता की निगाहें आज होने वाली सम्मिलन पर टिकी है।

### रायपुर में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

# महंगाई के मुद्दे पर घेरा सांसद का घर, जमकर हुई नारेबाजी, थाली बजाकर जताया विरोध

रायपुर। महंगाई के मुद्दे को लेकर रायपुर में भी महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया है। यहां महिला कार्यकर्ता थाली बजाते हुए सांसद सुनील सोनी का घर घेरने निकली। उससे पहले पुलिस उन्हें रोक लिया। जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की है।






कार्यकर्ताओं का कहना था कि महंगाई ने घर का बजट बिगाड़ दिया है। गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों ने परेशान कर दिया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेत्री शकुन डहरिया ने कहा की केंद्र सरकार महिलाओं की परेशानी नहीं सुन रही है। त्योहार के आते ही गैस सिलेंडर के दामों में 50 रुपये बढ़ा दिया गया। इसके साथ ही किचन के अन्य सामानों की कीमतों में भी बहुत इजाफा हो चुका है।

उन्होंने कहा कि मध्यमवर्ग का घर चलाना लगातार मुश्किल हो रहा है। इन्हीं वजहों से सांसदों का निवास घेराव कर केंद्र सरकार तक अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। केंद्र सरकार 2014 में महंगाई के मुद्दे पर सत्ता में आई थी, लेकिन बीजेपी सरकार के आने के बाद इतनी ज्यादा महंगाई बढ़ गई है कि भाजपा नेताओं की बोलती भी बंद हो चुकी है।

### बैठक में बनी थी रणनीति

*शनिवार दोपहर को कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा डिसूजा रायपुर पहुंची थीं। जिसके बाद राजीव भवन में छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की नेता और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इस बैठक में राजधानी से रायपुर सांसद सुनील सोनी के निवास घेरने की रणनीति बनी थी।*

# राज्यपाल से मुलाकात के लिए... राजभवन पहुंचे सीएम बघेल... चर्चाओं का बाजार गर्म

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से सौजन्य मुलाकात करने राजभवन पहुंचे। उनका यह कार्यक्रम एक दिन पहले ही तय हो चुका था, जिसका जिक्र मुख्यमंत्री बघेल की आज की दिनचर्या में भी किया गया है।




सीएम बघेल की राज्यपाल से इस मुलाकात को औपचारिक भेंट कहा जा रहा है, जिसमें प्रदेश मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी शामिल थे। लेकिन मुख्यमंत्री की राज्यपाल से इस मुलाकात को राजनीतिक नजरिए से दूसरे मायनों में भी देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री आज सुबह सांइस कॉलेज सभागार के लिए निकले, लेकिन पहले पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राजभवन पहुंचे। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में सौजन्य भेंट कर पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिवादन किया। प्रशासकीय जानकारी के मुताबिक इस सौजन्य मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने राज्यपाल हरिचंदन से राज्य के हित से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

भी बताया जा रहा है कि दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ हुई चर्चा पर भी राज्य के दोनों प्रमुखों के बीच वार्ता हुई है, जिसमें सीएम बघेल ने राज्यपाल हरिचंदन को छत्तीसगढ़ की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया है। इसके अलावा राजभवन में लंबित विषयों को लेकर भी उनसे बातचीत हुई है। जिसमें आरक्षण विधेयक प्रमुख विषय के तौर पर शामिल है।

# मोर आवास, मोर अधिकार' पर भाजपा 15 मार्च को करेगी विधानसभा घेराव

### राज्य सरकार पर छल करने का आरोप



**रायपुर।** 'मोर आवास, मोर अधिकार' के मुद्दे को लेकर भाजपा 15 मार्च को विधानसभा का घेराव करेगी. भाजपा का आरोप है कि भूपेश सरकार ने 'मोर आवास, मोर अधिकार' के तहत बनने वाले मकानों का निर्माण रोक कर रखा है. केंद्र सरकार ने आवास के लिए पैसा तो भेजा, लेकिन राज्य सरकार ने वह पैसा गरीबों तक नहीं पहुंचने दिया. भाजपा सरकार बनी तो 16 लाख गरीब परिवारों को आवास मुहैया कराया जाएगा। अनियमित कर्मचारी सभा को लेकर केदार गुप्ता ने कहा कि 'झूठ बोलो और राज करो' झूठे संकल्प पत्र के आधार पर कांग्रेस सरकार सत्ता में आ गई है. 2018 में उन्होंने नियमितीकरण का वादा किया था, लेकिन अनियमित कर्मचारियों को नियमित नहीं किया. निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी ने धोखेबाजी की है। और 2023 में सब मिलकर कांग्रेस को अलविदा करेंगे। कांग्रेस के 13 मार्च को राजभवन मार्च को लेकर कहा भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंत्रियों और अधिकारियों के ठिकानों पर ईडी और आईटी छापे पड़े हैं. छत्तीसगढ़ में इनको भी ऐसा लगता है, पूरे देश में वही चल रहा है।

# झुंड से भटककर गांव पहुंचा बाइसन



**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल से बाइसन झुंड से भटककर एक बाइसन तखतपुर के सांवाताल गांव पहुंच गया। वह ग्रामीणों की फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। बाइसन की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना गया है। वहीं इसकी जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम दो दिनों से लगातार बाइसन पर नजर रखी हुई है। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को इस बाइसन से दूर रहने की अपील की है।

शुभारंभ...
### मुख्यमंत्री ने किया विधिक जागरूकता प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला का शुभारंभ

# राज्य सरकार नई-नई रोजगार मूलक योजनाएं कर रही है लागू : मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर स्थित पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा आयोजित विधिक जागरूकता प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला का शुभारंभ किया।






इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक और छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तेजकुंवर नेताम भी उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला का छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं राज्यगीत के साथ शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल का स्वागत राजकीय गमछे और औषधीय महत्व वाले सीता अशोक के पौधे से किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिला आयोग की स्मारिका एवं ऑनलाइन शिकायतों के लिए बनाए गए मोबाइल एप छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग लॉन्च किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को महिलाओं को अधिकार सम्पन्न, सुरक्षित, सशक्त बनाने की शपथ दिलायी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कहा कि महिलाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे लोगों की कार्यकुशलता इस कार्यशाला से और अधिक निखरेगी। साथ ही बेहतर तालमेल और सहयोग से लक्ष्यों को और अधिक तेजी से हासिल किया जा सकेगा। इस कार्यशाला में जो मास्टर ट्रेनर्स तैयार किए जाएंगे, वे महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की रोकथाम में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएंगे।

# समाज कोई भी हो, शिक्षा सबसे जरूरी है : भूपेश बघेल

### कलार महासभा द्वारा आयोजित कलार महासम्मेलन 2023 में शामिल हुए मुख्यमंत्री बघेल




**रायपुर।** उद्योग व्यापार में कलार समाज को कोई नकार नहीं सकता है, लेकिन बिना शिक्षा के कोई भी समाज हो आगे नहीं बढ़ सकता है। प्रत्येक समाज के लिए शिक्षा जरूरी है और जिसने भी शिक्षा से नाता तोड़ा है वो समाज पिछड़ गया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ कलार महासभा के द्वारा रायपुर के साइंस कालेज मैदान में आयोजित कलार महासम्मेलन में कहीं।



इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दो बड़ी घोषणाएं करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में महुआ बोर्ड की स्थापना की जाएगी। कलार समाज की पूजनीय माता बहादुर कलारिन के महिला सशक्तीकरण के योगदान को अतुलनीय करार देते हुए मुख्यमंत्री ने उनकी जयंती पर एच्छिक अवकाश का प्रावधान किए जाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रत्येक समाज की इकाई व्यक्ति होता है और राज्य सरकार ने पिछले चार वर्षों में व्यक्ति को ही केंद्र में रखकर योजनाएं शुरू की हैं ताकि हर समाज के लोग लाभांवित हो सकें।

# H3N2 Influenza तेजी से फैल रहा है, सतर्कता बरत कर ही वायरस से बचा जा सकता है

*कोविड-19 वायरस की तरह ही है इन्फ्लूएंजा का विषाणु। यह इन दिनों देश में अपना खतरनाक प्रभाव दिखाने लगा है, जिससे अब तक हरियाणा और कर्नाटक में एक-एक मौत भी हो चुकी है। इस नये वायरस से खांसी, बुखार और गले में जलन की तकलीफें बढ़ रही हैं। इन दिनों गला खराब होने की शिकायत आम है जो पीड़ित को लम्बे समय तक परेशान कर रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में एच3एन2 वायरस के लगभग 90 मामले सामने आए हैं।*

एच1एन1 वायरस के आठ मामलों का भी पता चला है। विशेषज्ञों के अनुसार वायरस अत्यधिक संक्रामक है और संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने और निकट संपर्क से फैलता है। डॉक्टरों ने नियमित रूप से हाथ धोने और मास्क लगाने समेत कोविड जैसी सावधानियों की सलाह दी है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने छींकने और खांसने के दौरान मुंह और नाक को ढंकने, बहुत सारे तरल पदार्थ, आंखों और नाक को छूने से बचने और बुखार और शरीर में दर्द के लिए पेरासिटामोल के सेवन का आग्रह किया है। नये वायरस को लेकर बरती जा रही लापरवाही नुकसान का कारण बन सकती है। इसलिए भी लोगों को अपने स्वास्थ्य को लेकर लगातार सावधानी बरतने की अपेक्षा है। बाहर निकलते समय ऐसे तमाम उपाय अपनाने चाहिए जिनसे वातावरण में पनप रहे विषाणुओं को शरीर में प्रवेश करने से रोका जा सके। पर ऐसी स्थितियों में सरकारी स्वास्थ्य तैयारियां भी पहले से रहनी चाहिए, ताकि लोगों में अफरातफरी जैसी स्थिति न बनने पाए। आम जनता भी अपनी जीवनशैली को सात्विक एवं संयममय बनाये, ताकि नये वायरस का प्रभाव कम से कम हो। पिछले कुछ महीनों से अधिकांश लोग खांसी के शिकार होते हुए देखे गये हैं। देश में फ्लू के मामले भी बढ़ रहे हैं। अधिकांश संक्रमण एच3एन2 वायरस के कारण होते हैं, जिसे 'हांगकांग फ्लू' के रूप में भी जाना जाता है। यह वायरस देश में अन्य इन्फ्लुएंजा उपप्रकारों की तुलना में अधिक खतरनाक है जो अस्पताल में भर्ती होने का कारण बनता है। भारत में अब तक केवल एच3एन2 और एच1एन1 संक्रमण का पता चला है। दोनों वायरस में कोविड जैसे लक्षण हैं। जैसा कि सर्वविदित है कि कोविड ने दुनिया भर में लाखों लोगों को संक्रमित किया और 68 लाख लोगों की मौत हुई। महामारी के दो साल बाद बढ़ते फ्लू के मामलों ने लोगों में चिंता पैदा कर दी है। लक्षणों में लगातार खांसी, बुखार, ठंड लगना, सांस फूलना और घरघराहट शामिल हैं। मरीजों ने मतली, गले में खराश, शरीर में दर्द और दस्त की भी सूचना दी है। ये लक्षण लगभग एक सप्ताह तक बने रह सकते हैं। भारत की संस्कृति एवं जीवनशैली ने पूर्व कोरोना कहर को परास्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्योंकि योग, अहिंसा, शाकाहार, संयम आदि जीवन के आधारभूत जीवनमूल्य इसी देश की माटी में रचे-बसे हैं। विशेषत: भारत में जैन धर्म एवं उसका जीवन-दर्शन कोरोना संकट के दौर में समाधान के रूप में सामने आया है, जैनमुनि मुंह पर पट्टी (मुंहपत्ती) बांधते हैं, जिसे मास्क के रूप में समूची दुनिया ने अंगीकार किया था। सामाजिक दूरी (सोशल डिस्टेंसिंग), आइसोलेशन, व क्वारंटीन (एकांत) जैन मुनि एवं साधक के जीवन के अभिन्न अंग दुनिया के लिये कोरोना मुक्ति के सशक्त आधार बने थे। शाकाहार एवं मद्यपान का निषेध भी जैन जीवनशैली का आधार है, जिनका बढ़ता प्रचलन कोरोना महासंकट से मुक्ति का बुनियादी सच बना था। लगता है कोरोना जाते-जाते दुनिया में शाकाहार का सशक्त वातावरण बना कर गया, लेकिन नये एच3एन2 और एच1एन1 के संक्रमण भी ऐसे भारतीय प्रयोगों एवं उपक्रमों को बड़े पैमाने पर अपनाने की अपेक्षा को जाहिर कर रहे हैं।



**स्वाभाविक ही स्वास्थ्य विभाग लोगों से सावधान रहने और बचाव के उपाय आजमाने की अपील कर रहा है। मगर इसमें राहत की बात यह है कि भारत की अधिकतर आबादी को कोरोना के टीके लगाए जा चुके हैं, बहुत सारे लोग एहतियाती खुराक भी ले चुके हैं।**

कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के अलावा बड़े वयस्कों और छोटे बच्चों जैसे उच्च जोखिम वाले समूहों के लिए संक्रमण गंभीर हो सकता है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने हाल ही में डॉक्टरों से आग्रह किया है कि संक्रमण जीवाणु है या नहीं, इसकी पुष्टि करने से पहले मरीजों को एंटीबायोटिक्स न दें, क्योंकि वे एक प्रतिरोध विकसित कर सकते हैं। एक बार फिर नए विषाणु का संक्रमण तेजी से फैलना शुरू हो गया है। इन्फ्लूएंजा का यह विषाणु भी कोविड विषाणु की तरह ही लोगों को प्रभावित कर रहा है, हालांकि इससे उस तरह भयभीत होने की जरूरत नहीं है, मगर इसका लंबे समय तक लोगों पर असर बना रह रहा है। इस विषाणु के पैदा होने की एक खाज वजह मौसम के अचानक सर्द से गर्म होने को बताया जा रहा है। अब यह विषाणु इतनी तेजी से संक्रमण फैला रहा है कि अस्पतालों में भीड़भाड़ देखी जाने लगी है, कई अस्पतालों ने इसके लिए अलग से वार्ड बना दिया है। इसी विषाणु के प्रभाव में कोरोना के मामले भी बढ़े हुए दर्ज हो रहे हैं। स्वाभाविक ही स्वास्थ्य विभाग लोगों से सावधान रहने और बचाव के उपाय आजमाने की अपील कर रहा है।

ललित गर्ग

## संपादकीय

### चेतावनी में दम है

जब कुछ तबकों को छोड़ कर बाकी लोगों की वास्तविक आय घटेगी, तो जाहिर है वे उपभोग में कटौती करेंगे। सरकार ने अर्थव्यवस्था के इस पक्ष में सुधार लाने की तनिक भी जरूरत नहीं समझी है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने आगाह किया है कि भारत के फिर से 'हिंदू रेट और ग्रोथ' में फंस जाने का अंदेशा है। हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ शब्द 1960-70 के दशकों में बहुत प्रचलित था, जब भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर आम तौर पर चार प्रतिशत के आसपास रहती थी। अब एक बार फिर से वह कहानी लौटने का अंदेशा पैदा हुआ है, तो जाहिर है, यह गहरी चिंता की बात है। राजन ने अपनी आशंका के कारण भी बताए हैं। उनमें पहला यह है कि देश में निजी निवेश की दर लगातार कम बनी हुई है। इस तथ्य की ओर पहली बार ध्यान नहीं खींचा गया है। कुछ समय पहले खुद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन उद्योगपतियों की बैठक में निवेश ना करने के लिए उन्हें फटकार लगा चुकी हैं। समझा यह जाता है कि आर्थिक मुश्किलों के समय में अगर सरकार अपना निवेश बढ़ाती है, तो उससे बनी परिस्थितियों में निजी क्षेत्र निवेश करने के लिए उत्साहित होता है। लेकिन फिलहाल ऐसा नहीं हुआ है। निजी क्षेत्र की दलील रही है कि देश में उपभोग घट जाने के कारण मांग नहीं है, ऐसे में वह अपनी पहले से निर्मित क्षमता के मुताबिक ही उत्पादन नहीं कर रहा है। तो ऐसे में नए निवेश की गुंजाइश कहां है? रघुराम राजन ने कहा है कि इसके अलावा ब्याज दर के लगातार ऊंचा होते जाने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में मंदी जैसे हालात के कारण भी भारत में निवेश की स्थितियां सुधरने की संभावना फिलहाल नहीं है।

## हजारों स्थानीय प्रशंसकों की मायूसी के बीच आयोजन के प्रयोजन पर उठे कई सवाल

*नवंबर, 2009 में अहमदाबाद के सरदार पटेल स्टेडियम में भारत और श्रीलंका के बीच एक टेस्ट मैच हुआ था। उसी दौरान सचिन तेंदुलकर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बीस वर्ष पूरे किए थे। इस मैच से दो महीने पहले गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के निर्वाचित अध्यक्ष थे। लिहाजा, जब तेंदुलकर को सम्मानित करने का फैसला किया गया, तब मोदी ने उन्हें सम्मानित किया।*

मुझे याद है, मैंने यह सब टीवी पर देखा था; टेस्ट मैच शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री ने क्रिकेटर को एक स्मृति चिह्न भेंट किया और उसके साथ फोटो भी खिंचवाई।

2009 में सचिन तेंदुलकर नरेंद्र मोदी से अधिक लोकप्रिय थे, एक ब्रैंड नाम से बढ़कर थे और घर-घर में उनका नाम जाना-पहचाना था। सचिन के साथ जुड़ने का लाभ यह था कि उससे प्रचार अच्छा मिलता। अब जरा चार साल आगे बढ़कर अक्तूबर, 2013 पर आते हैं। मोदी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर अपने अभियान की शुरुआत की ही थी और इस उद्यम में वह खुद को एक जीवित महान क्रिकेटर के बजाय एक दिवंगत महान राजनेता से जोड़ना चाहते थे। इसीलिए सरदार वल्लभ भाई पटेल की विशाल प्रतिमा के निर्माण की योजना बनी। अपने अभियान के दौरान भाषणों में मोदी ने दावा किया कि पटेल जवाहरलाल नेहरू से बेहतर प्रधानमंत्री साबित होते और यदि ऐसा होता, तो भारत शुरुआत से एक सुरक्षित, मजबूत और कहीं अधिक आत्मनिर्भर देश होता।



*अहमदाबाद के स्टेडियम में 1,30,000 लोग बैठ सकते हैं। भारत में टेस्ट मैच में शायद ही कभी तीस या चालीस हजार से अधिक की भीड़ होती है। रिपोर्टों से पता चलता है कि आयोजक चाहते थे वहां किसी टेस्ट मैच में सर्वाधिक दर्शक का विश्व रिकॉर्ड बने।*

2009 में नरेंद्र मोदी को थोड़े समय के लिए सचिन तेंदुलकर से अपनी पहचान जोड़ने की जरूरत हुई थी। 2013-14 में उन्हें उससे भी थोड़े समय के लिए सरदार पटेल से खुद को जोड़ने की जरूरत पड़ी। सात साल और आगे बढ़कर मार्च 2021 पर आते हैं। अंतरिम रूप से, नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी को लगातार दो आम चुनावों में जीत दिलाई। वह अब पूरी तरह से अपनी ही तरह के आदमी हैं, उनकी छवि को मजबूत करने में किसी अन्य भारतीय का सहयोग नहीं है,- न तो उनके पूर्व गुरु लालकृष्ण आडवाणी का, न ही उनके पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का, यहां तक कि उनके पूर्व नायक सरदार पटेल का भी नहीं। सचिन तेंदुलकर को नरेंद्र मोदी द्वारा स्मृति चिह्न भेंट करते हुए देखने के साढ़े ग्यारह साल बाद मैंने लाखों अन्य भारतीयों के साथ, एक बार फिर टेलीविजन पर सरदार पटेल स्टेडियम में एक अन्य टेस्ट मैच को शुरू होते देखा था। सिवाय इसके कि यह अब सरदार पटेल स्टेडियम नहीं रह गया था। टेस्ट (इंग्लैंड के विरुद्ध) मैच शुरू होने से पहले भारतीय गणराज्य के राष्ट्रपति ने, जिनकी बगल में भारत के गृहमंत्री खड़े थे, एक पट्टिका का अनावरण किया, जिससे हमें पता चला कि कभी जिस स्टेडियम का नाम उस भारतीय के नाम पर था, नरेंद्र मोदी जिनका गुणगान करते थे, उसे बदलकर मोदी के नाम पर कर दिया गया है। इसके साथ ही मोदी उन नेताओं की कतार में शामिल हो गए, जिनके सत्ता में रहते हुए अपने नाम से स्टेडियम रहे। यह नहीं सोचा गया था कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री ऐसे लोगों के साथ खड़े होना चाहेंगे। फिर भी, कहा जा सकता है कि मोदी स्पष्ट रूप से इस सम्मान से बिल्कुल भी असहज नहीं थे। बीते बृहस्पतिवार को उन्होंने अपने नाम के स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ मैच देखते हुए नया इतिहास रच दिया।

रामचंद्र गुहा

## मिला जुला

### कर्नाटक में पीएम मोदी का रोड शो

# लोगों ने की फूलों की बारिश, बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे का करेंगे लोकार्पण

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी रविवार को कर्नाटक के मैसूर में 16,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे. इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने मांड्या में करीब 2 किलोमीटर तक तक रोड शो किया. रोड शो के दौरान हजारों की संख्या में लोग नजर आए. लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फूलों की बारिश की. प्रधानमंत्री मोदी ने भी गाड़ी से बाहर आकर लोगों का अभिवादन किया.

मांड्या में प्रधानमंत्री की उपस्थिति राजनीतिक दृष्टिकोण से भी अहम है, क्योंकि राज्य में मई में विधानसभा चुनाव होने हैं. मांड्या जिला, पुराने मैसूरु क्षेत्र का एक प्रमुख हिस्सा है और यह पारंपरिक रूप से जनता दल सेकुलर (एस)



का गढ़ रहा है. जिले में सात विधानसभा क्षेत्र हैं और एक को छोड़कर सभी पर जद (एस) का कब्जा है. बीजेपी 2019 में हुए उपचुनावों के दौरान एक सीट (केआर पेट) जीतकर मांड्या जिले में पैठ बना सकी थी.

#### पीएम का आगे का कार्यक्रम

प्रधानमंत्री मोदी मांड्या और हुबली-धारवाड़ में 16,000 करोड़ रुपये की लागत वाली प्रमुख परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी मैसूरु-कुशलनगर के बीच चार लेन के राजमार्ग की आधारशिला भी रखेंगे. 92 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजना को तकरीबन 4,130 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा.

#### आईआईटी धारवाड़ का उद्घाटन

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बयान में कहा गया है कि यह परियोजना बेंगलुरु के साथ कुशलनगर की कनेक्टिविटी को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और उनके बीच यात्रा के समय को करीब पांच घंटे से घटाकर सिर्फ ढाई घंटे करने में मदद करेगी. प्रधानमंत्री हुबली-धारवाड़ में आईआईटी धारवाड़ को राष्ट्र को समर्पित करेंगे. इसकी आधारशिला उन्होंने फरवरी 2019 में रखी थी.

#### दुनिया के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म का करेंगे उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कर्नाटक का दौरा करेंगे. इस दौरान वे करीब 16,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे. इसी के साथ पीएम मोदी आज विश्व के सबसे लंबे रेलवे प्लेटफॉर्म को भी देश को समर्पित करेंगे. पीएम मोदी कर्नाटक के हुबली-धारवाड़ पहुंचेंगे. यहीं, श्री सिद्धारूढ़ स्वामीजी हुबली स्टेशन पर पीएम मोदी देश के सबसे लंबे प्लेटफॉर्म का उद्घाटन करेंगे.

#### 20 करोड़ की लागत से तैयार हुआ प्लेटफॉर्म

1507 मीटर लंबे प्लेटफॉर्म को लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है. यह दुनिया का सबसे लंबा प्लेटफॉर्म होगा, जो कि श्री सिद्धारूढ़ स्वामीजी हुबली स्टेशन पर बनाया गया है. इस प्लेटफॉर्म का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी शामिल किया गया है. बता दें, हुबली रेलवे स्टेशन कर्नाटक के दूसरे सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में शामिल है. ये स्टेशन मुख्यता, हुबली से बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और गोवा को कनेक्ट करता है. इस साल पीएम मोदी का कर्नाटक का यह छठवां दौरा है. राज्य में इस साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं. बता दें, पीएम मोदी आज बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे. ये एक्सप्रेसवे 8480 करोड़ रुपये की लागत से बना है और 118 किलोमीटर लंबा है. इसके साथ ही बेंगलुरु-मैसूर के बीच यात्रा का समय तीन घंटे से घटकर सिर्फ 75 मिनट हो जाएगा.

### 'करोड़ों की जमीन, सोने, अमेरिकी डॉलर...' 24 जगहों पर रेड के बाद ईडी ने लालू परिवार की संपत्ति का जारी किया लिस्ट

नई दिल्ली. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज एक बयान में कहा है कि लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान उनके परिवार द्वारा कथित रूप से नौकरी के बदले जमीन मामले में अधिग्रहीत की गई भूमि कि कीमत वर्तमान में लगभग 200 करोड़ रुपये है. केंद्रीय एजेंसी ने लालू प्रसाद के परिवार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए अन्य संपत्तियों की एक लंबी सूची भी जारी की है और कहा है कि यह संपत्ति भी यादव परिवार ने उस घोटाले के माध्यम से ही अर्जित किया है. ईडी ने एक बयान में कहा कि अब तक की गई पीएमएलए जांच से पता चला है कि तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के परिवार द्वारा रेलवे में नौकरी दिलाने के एवज में पटना और अन्य क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों पर कई जमीनों का अवैध रूप से अधिग्रहण किया गया था. ईडी कि तरफ से कहा गया है कि इन भूमि पार्सल का वर्तमान बाजार मूल्य 200 करोड़ रुपये से अधिक है. इस संबंध में, कई बेनामीदारों, शेल संस्थाओं और इन जमीनों के लाभकारी मालिकों की पहचान भी की गई है.

### एक नजर

#### 'मंदिरों पर हमला करने वाले हमारे कानून की ताकत देखेंगे', ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने दिया भरोसा



नई दिल्ली. ऑस्ट्रेलिया में भारतीय धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमलों को लेकर प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस ने बड़ा बयान दिया है. अल्बानीस ने कहा कि उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी को आश्वासन दिया है कि ऑस्ट्रेलिया धार्मिक स्थलों पर हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा. उन्होंने दो टूक कहा कि इस तरह की गतिविधियों के लिए जिम्मेदार किसी भी शख्स को 'कानून की पूरी ताकत' का सामना करना पड़ेगा. अल्बानीस का यह बयान उस समय आया है, जब कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने उनके समक्ष ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हो रहे हमलों का मामला उठाया था.

#### 'भारत अदभुत देश, इससे प्यार करती हूं...', होली पर बदसलूकी का शिकार हुई जापानी महिला ने किया ट्वीट



नई दिल्ली. होली के दिन दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में जापानी महिला से हुई बदसलूकी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था. विदेशी महिला से हुई बदसलूकी के इस मामले में पुलिस तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है. पीड़ित जापानी महिला ने शनिवार को माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर पर उन लोगों से माफी मांगी जो वीडियो से आहत हुए हैं. महिला ने कहा कि रंगों के त्योहार होली के दिन जो कुछ भी हुआ, उसके बावजूद भी वह भारत से प्यार करती हैं. शनिवार को जापानी भाषा में पोस्ट किए गए एक लंबे ट्विटर थ्रेड में महिला ने कहा कि उसी ने मूल रूप से यह वीडियो पोस्ट किया था.

## बचपन में पिता ने किया था यौन शोषण-स्वाति मालीवाल

**नई दिल्ली.** दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने शनिवार को खुलासा किया कि उनके पिता ने उनका यौन शोषण किया था. ऐसा ही खुलासा कुछ दिन पहले अभिनेत्री और राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य खुशबू सुंदर ने किया था. स्वाति मालीवाल ने कहा, जब मैं छोटी थी तो मेरे पिता मेरा यौन उत्पीड़न करते थे. वह मुझे बहुत मारते थे. जब वह घर आते थे तो मैं डर जाती थी और अक्सर बिस्तर के नीचे छिप जाती थी. साथ ही उन्होंने कहा कि वह हर रात योजना बनाती हैं कि कैसे उन महिलाओं को उनका हक दिलाने में मदद करें और बच्चों का शोषण करने वाले ऐसे पुरुषों को सबक सिखाया जाए. मालीवाल ने आगे विस्तार से बताते हुए कहा कि उनके पिता ने उनकी चोटी पकड़कर दीवार के



सहारे लटका देते थे. उन्होंने कहा, 'मेरे सिर से खून बहने लगता था. मेरा मानना है कि जब कोई बहुत अधिक अत्याचार सहता है, तभी वह दूसरों के दर्द को समझता है, और यह एक ऐसी आग जगाता है जो पूरे सिस्टम को हिला सकता है.'

## सीआईएसएफ का 54वां स्थापना दिवस, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हुए समारोह में शामिल

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को सीआईएसएफ के 54वें स्थापना दिवस परेड में शामिल हुए। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 54वें वार्षिक स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार देर रात हैदराबाद पहुंचे थे। प्रदेश भाजपा के नेताओं ने हवाई अड्डे पर गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत किया था। मालूम हो कि सीआईएसएफ का 54वें वार्षिक स्थापना दिवस समारोह रविवार को राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी हैदराबाद में आयोजित




किया जाएगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। सीआईएसएफ ने एक ट्वीट में कहा, 'सीआईएसएफ के डीजी और सभी रैंक 12 मार्च को सीआईएसएफ स्थापना दिवस मनाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करने के लिए खुश और उत्साहित हैं। सीआईएसएफ पहली बार दिल्ली/एनसीआर से बाहर अपनी स्थापना दिवस परेड का आयोजन कर रहा है।' शाह ने ट्वीट का जवाब देते हुए कहा कि ष्ट्रद्बस्स्न भारत की आंतरिक सुरक्षा के स्तंभों में से एक है।

# नगर विकास की मांग को लेकर 15 से राजहरा व्यापारी संघ करेगा विशाल आंदोलन

## धरना प्रदर्शन, अनिश्चितता व्यापार बंद व चक्काजाम की चेतावनी

**बालोद।** खनिज नगरी दल्ली राजहरा जिसके गर्भ से निकले लौह अयस्क से भिलाई इस्पात संयंत्र ने देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया छत्तीसगढ़ प्रदेश को आर्थिक प्रगति प्रदान की। करोड़ो की रॉयल्टी देने वाला राजहरा नगर शासन, प्रशासन की उदासीनता के चलते अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। इसका असर व्यापार पर भी देखने को मिल रहा है।

नगर विकास की महत्वपूर्ण मांग को लेकर राजहरा व्यापारी संग लगातार संघर्ष करता रहा है। शासन,प्रशासन,रेल विभाग के नगर के विकास के प्रति कई वर्षो से लचर रुख अपनाने व केवल आश्वासन दे धरातल में कोई भी काम ना दिखने से निराश नगर के समस्त व्यापारियों ने शनिवार रात्रि 9 बजे अटल सदन में हुई बैठक कर बड़े आंदोलन की रूप रेखा तैयार कर ली है।इस बैठक में समस्त व्यापारियों ने अपनी अपनी बात रखी व एक मत होकर आंदोलन को सहमति प्रदान की।इसके पूर्व राजहरा व्यापारी संघ कर प्रतिनिधि मंडल ने अनुविभागीय अधिकारी योगेंद्र श्रीवास से मिल अपने मांग पत्र का ज्ञापन सौप आंदोलन की जानकारी पत्र के द्वारा दी।एसडीएम चर्चा में व्यापारियों ने कहा की राजहरा के अस्तित्व की रक्षा के लिए यहां पहुंचे हुए हैं। 20 साल से हम वही मांग करते आ रहे हैं. अधिकारी बदल गए सरकार बदल गई और हमारे शहर का हुलिया भी बदल गया है।1लाख की जनसंख्या का नगर 40 हजार में पहुँच गया।रोजगार के कोई साधन नही कोई शासकीय उपक्रम नही बीएसपी सभी स्कूल बंद कर ली है। रेल सुविधा मिल नहीं रही।कुछ मिल रहा है तो वो है आश्वासन जिस पर एसडीएम द्वारा व्यापारी संघ की बीएसपी,रेलवे व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की



बात कर आंदोलन पर विचार करने की बात कही गई। व्यापारी मंडल ने कहा की नगर के विकास की मांग को लेकर दल्ली से दिल्ली तक सभी प्रयास किये गए 20 दिसंबर को रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से दिल्ली में व्यापारी संघ का प्रतिनिधि मंडल मिल मांग पत्र सौपा।

### रेल विभाग से मांग

रेल्वे भूमि पर विगत 70 साल से बसे हुए सभी निवासरत् लोगों को पट्टा प्रदान किया जाये ।दल्ली राजहरा में वाशिंग यार्ड का निर्माण कराया जाये,दल्ली राजहरा से 3 दिन चलने वाली डेमू पैसेंजर ट्रेन को प्रतिदिन न्यायधानी बिलासपुर तक चलाये, अंतागढ़ से रायपुर तक प्रतिदिन चलने वाली डेमू पैसेंजर ट्रेन में बोगियों की संख्या बढ़ायी जाये ।जगदलपुर से रावघाट रेल लाईन निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जाये ।दल्ली राजहरा से चंद्रपुर महाराष्ट्र तक रेल लाईन निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जाये ।दुर्ग से चलने वाली ट्रेनों को दल्ली राजहरा से चलाया जाये ।रिजर्वेश काऊंटर को बढ़ाते हुए आरक्षण काऊंटर का समय बढ़ाया जाये।दुर्ग से चलने वाली ट्रेन को अंतागढ़ से नागपुर विशाखापट्टनम चलाने की मांग की गई रेलवे के आला अधिकारियों को लगातार कई वर्षों से ज्ञापन दिया गया पर आज तक कोई कार्यवाही नही हुई

### शासन प्रशासन से मांग

राजहरा में औद्योगिक नगर के लिए कई बार सर्वे हो चुका है उसे आरम्भ किया जाये,दल्ली राजहरा नगर एवं चिखलाकसा की भूमि रजिस्ट्री का सरलीकरण किया जाये केन्द्रीय विद्यालय अगले सत्र से प्रारंभ करने, बालोद जिले का नाम बालोद दल्लीराजहरा संयुक्त जिला कर इसके कुछ विभागों राजहरा में लाने, नगर से बायपास सड़क का निर्माण, जल आवर्धन योजना, 100 बिस्तर अस्पताल का निर्माण शीघ्र किया जाये, नगर के 270 + 130 एकड़ भूमि पर बसे लोगों को नि:शुल्क रजिस्ट्री कराकर स्थायी पट्टा प्रदान किया जाये,दल्ली राजहरा को पूर्ण तहसील की स्थापना की जाये,राजहरा नगर के डेम साइड, बोरडीह डेम व अन्य क्षेत्र को पर्यटक क्षेत्र के रूप में विकास करने कुछ मांग पूरी होने की बात की गई, बजट प्रस्तावित होने की बात कई वर्षों से की जाती रही पर आज तक धरातल में कोई भी काम नहीं हुआ है।

### 15 मार्च से आंदोलन प्रारंभ

*राजहरा व्यापारी संघ ने एसडीएम को दिए ज्ञापन मे नगर के सामाजिक संगठन व राजनैतिक संगठनों व सभी जनप्रतिनिधियों के समर्थन के साथ मांग पूर्ण करने हेतु आंदोलन करने को बाध्य होकर 15 मार्च 2023 से धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया जा रहा है। उसी कड़ी में आगे नगर बंद एवं चक्का जाम जैसे कदम हम उठाने को मजबूर होंगें जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी ।*

## संक्षिप्त समाचार

### सभी को निराश करने वाला बजट श्रीमती सरिता जायसवाल महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य-

**बलोदा बाजार।** जिला का जो विधानसभा कसडोल में रहने वाला श्रीमती सरिता जयसवाल महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ की वर्तमान कांग्रेस सरकार जनता को गुमराह कर रही है 4 वर्षों से प्रधानमंत्री आवास को रोके रखा और चुनावी वर्ष में जनता को ठगने का प्रयास कर रही। अपने घोषणापत्र में अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की बात कही गई थी, उसके लिए भी बजट में कुछ प्रावधान नहीं है ग्रामीण रोजगार सहायक को का मानदेय 5000 से बढ़ाकर 9540 करने के अपने वादे को भी अभी तक पूरा नहीं किया गया है। इस बजट में उनको भी निराशा मिली है, बेरोजगारी भत्ता देने के अपने वादे के अनुरूप पिछले 4 साल का बकाया बेरोजगार युवाओं को प्रदान करें। चुनावी वर्ष में बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का घोषणा अब नहीं चलेगा अपने घोषणा पत्र में फूड प्रोसेसिंग पार्क लगाने की कसम खाई थी जो 4 वर्षों में भी पूरा नहीं हुआ और इस बजट में भी उसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। भूपेश सरकार ने महिला स्व सहायता समूह के लिए भी कुछ नहीं किया उनकी सुरक्षा के बारे में भी कोई ध्यान नहीं रखा गया है ।



### सक्ति जिला महिला मोर्चा की नवगठित घोषणा शालीनी राजपूत के आदेशानुसार कमलेश जांगड़े ने किया

**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी में महिलाओं की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें संगठन में दायित्व देकर आम महिलाओं के बीच संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के मार्गदर्शन एवं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष की सहमति से शक्ति जिला महिला मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है इसमें चार उपाध्यक्ष दो महामंत्री, छह मंत्री, कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री सहित 71 लोगों की लंबी सूची जारी की है । इस संबंध में जिलाध्यक्ष कमलेश जांगड़े ने बताया कि वरिष्ठ महिला कार्यकर्ता व जनपद सदस्य मोहन कुमारी साहू एवं जिला पंचायत सदस्य उमा राजेंद्र राठौर को महामंत्री बनाकर संगठन में उनके अनुभव का लाभ लेने की मंशा जताई है।



## डेढ़ करोड़ रुपयों से भरे बैग के साथ जीआरी ने युवक को दबोचा, जांच में जुटे आईबी और आईटी के अधिकारी

कोरबा। यूपी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (Pandit Deendayal Upadhyay Junction) में डेढ़ करोड़ नकदी के साथ जीआरपी (GRP) ने युवक को पकड़ा है. जिसके बाद जीआरपी वालों ने घटना की जानकारी अपने आला अफसरों और इनकम टैक्स अधिकारियों को दी. जानकारी के अनुसार गिरफ्तार युवक राजेश दास जिले के उरगा थाना अंतर्गत कनकी तरदा का निवासी है।



ऐसे में पुलिस उसके गृहग्राम गांव में भी टीम जांच करेगी। पकड़े गए युवक ने बताया कि, उसे दिल्ली के एक ज्वेलरी कारोबारी ने डेढ़ करोड़ रुपए कोलकाता के एक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए दिया था. कोलकाता में चाइनीज कोड के आधार पर इन पैसों की डिलीवरी करनी थी. जिसकी डिलवरी से पहले ही पुलिस ने पैसों से भरे ट्रॉली बैग के साथ आरोपी को धरदबोचा है. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही आईबी भी जांच पड़ताल में जुट गई है। सीओ जीआरपी कुंवर प्रभात सिंह ने बताया कि, दोपहर जीआरपी कोतवाल सुरेश कुमार सिंह मयफोर्स स्टेशन पर चेकिंग कर रहे थे. प्लेटफार्म संख्या तीन पर डाउन ब्रह्मपुत्र मेल के पहुंचने पर एक व्यक्ति उतरकर तेजी से जाने लगा. संदेह होने पर जवानों ने रोककर उसके ट्रॉली बैग की तलाशी ली. जिसमें 2 हजार और 500 रुपए का नोटों का बंडल भरा मिला।

## राज्य सरकार ने अपने बजट में हर वर्ग को छला है - शालिनी राजपूत

### न शराबबंदी, ना ही पेंशन और ना ही अनुकंपा नियुक्ति यह प्रदेश सरकार का बजट



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने प्रदेश सरकार द्वारा बजट को केवल चुनावी पुलिंदा कहते हुए कहा कि यह बजट सिर्फ और सिर्फ चुनाव के मद्देनजर राज्य सरकार ने प्रस्तुत किया है। राज्य सरकार का यह बजट उनके 2018 के जन घोषणा पत्र में किए वादे के अनुरूप ही झूठे हैं। जिसमें प्रदेश सरकार ने झूठ का सहारा लेकर हर वर्ग को अपने भ्रम में लाकर भ्रमित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इस बजट में महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं रखा है। महिलाओं को इस वर्ष आता था कि प्रदेश सरकार पूर्ण शराबबंदी करके महिलाओं के साथ न्याय करेगी, लेकिन इस बार भी कांग्रेस ने अपनी नियत दर्शाते हुए यह साबित कर दिया कि उनकी नियत प्रदेश में शराबबंदी की कभी थी ही नहीं।

### कलेक्टर ने मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र करूपान का किया निरीक्षण

**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव ने मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम करूपान में मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां के नन्हें बच्चों ने फूल भेंटकर कलेक्टर का स्वागत किया। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को दी जाने वाली पौष्टिक आहार, बच्चों की उपस्थिति, बच्चों का वजन माप आदि के संबंध में जानकारी ली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि बच्चों को सुबह पौष्टिक नाश्ता, दोपहर को गरम भोजन प्रदाय किया जाता है। समय-समय पर बच्चों का वजन माप भी किया जाता है। कलेक्टर ने बच्चों से जिले का नाम, कलेक्टर का नाम, पोस्ट आफिस का नाम सहित विभिन्न ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछकर शिक्षा की गुणवत्ता भी परखी।

आईजी ने किया शुभारंभ

## पुलिस प्रशिक्षण शाला में योग विज्ञान शिविर

**जगदलपुर** । पतंजलि योग समिति द्वारा शहर में 50 से ज्यादा जगहों पर एक साथ योग कराया जा रहा है, इसी क्रम में योग विज्ञान शिविर पुलिस प्रशिक्षण शाला लालबाग में भी योग शिविर का शुभारंभ बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी. सुंदरराज द्वारा किया गया। इस अवसर पर उनके पुलिस प्रशिक्षण शाला के सेनानी एम. आर. मंडावी, भी उनके साथ थे। योग के प्रथम दिवस पर पुलिस के जवानों को योग सिखाते हुए योग प्रशिक्षक व पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी डॉ. मनोज पाणिग्रही ने बताया कि इस योग



विज्ञान शिविर की सफलता के लिए प्रत्येक वर्ग के सहयोग की आवश्यकता है और हम सब मिलकर अपने नगर को गौरवान्वित करने जा रहे हैं, स्वास्थ्य लाभ लेने के साथ करे योग रहे निरोग के नारा को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हमें हर वर्ग के सहयोग की जरूरत है ।

यह एक ऐसा अवसर है जो इतिहास में दर्ज होने जा रहा है और जगदलपुर शहर का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में योग विज्ञान शिविर के नाम पर लिखा जाएगा। पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ द्वारा लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने जगदलपुर में योग विज्ञान शिविर का आयोजन किया जा रहा है द्य इस शिविर के आयोजन को लेकर शहरवासियों के साथ साथ पुलिस जवानों भी में बेहद उत्साह है । इस निशुल्क योग विज्ञान शिविर को आयोजित करने के लिए पतंजलि योग समिति ने योग प्रशिक्षकों की फौज खड़ी कर दी है । जो 11 से 19 मार्च तक पूरे 9 दिन नियमित सुबह 6ः00 से 7ः30 तक योग की कक्षाएं ले रहे है।

### ब्रह्माकुमारी सेंटर बाराद्वार में परमात्म अवतरण एवम महिला दिवस का भव्य आयोजन

राष्ट्र के आधी आबादी नारी शक्ति के सम्मान का पर्व है यह बात कहते हुए अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर मंचासीन नारीशक्तियों का अभिनंदन किया । संबोधन के क्रम में बहन सत्यभामा केडिया ने नारी शक्ति को राष्ट्र शक्ति कहा। बहन सीमा भंडारी ने मारवाड़ी महिला समाज की ओर से ब्रह्माकुमारी बहनों के कार्य को अनुकरणीय बताया तथा नारी शक्ति को सशक्त बनाने में पुरुष समाज की महत्वपूर्ण भूमिका बताया। सुशीला सांवरिया ने कहा कि हर दिन महिला के सम्मान का पल होता है । मंजू जिंदल ने महिलाओं को महिला दिवस की बधाई देते हुए ब्रह्माकुमारी बहनों के प्रति साधुवाद प्रकट किया। राजयोगिनी तपस्वानी



*महिला दिवस राष्ट्र के आधी आबादी नारी शक्ति के सम्मान का पर्व है... चितरंजय अधिवक्त ।*

ब्रह्माकुमारी तुलसी बहन ने महा परमात्म अवतरण के साथ महिला सम्मान समारोह में उपस्थित जनों का अभिनंदन करते हुए कहा कि परम पिता परमात्मा शिव बाबा ही सभी आत्माओं का एकमात्र सहारा है।

## साजा में फाग गायन एवं जसगीत झाकी प्रतियोगिता का उदघाटन कर हुआ शुभारंभ

**अंडा।** ग्राम साजा में , जय मां भवानी, जस झाकी एवम् फाग प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भूत पूर्व सरपंच संतोष चंद्राकर थे। अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी ने किया। विशेष अतिथि सरपंच रोहित निर्मलकर, जनपद सदस्य तारनी चंद्राकर, उपसरपंच वेणु राम साहू, पूर्व सरपंच देवेन्द्र यदु, प्रकाश वैष्णव, विक्रम मलहोत्रा, सरपंच गौरी ठाकुर , ठेकेदार ओमप्रकाश साहू, पंच अशोक ठाकुर, सियाराम विश्वकर्मा, संतोषी साहू, सरोज निर्मलकर, माखन साहू थे। सांसद प्रतिनिधि मंडावी ने कहा कि बसन्त ऋतु



की बेला पर एक दूसरे पर गुलाल लगाकर भाई चारा के साथ होली मनाया गया एवम् नवरात्र पर्व आगमन के पहले जस झाकी का आयोजन लोक संस्कृति , परम्परा, कला को बचाकर रखना एक रचनात्मक कार्य है। जय मां भवानी जस झाकी परिवार के संचालक डुमेशवर रजक ने बताया कि इस दो दिवसीय फाग एवम् जस गायन सम्मेलन में कुल 12 मडलियो ने भाग लिया है और इस आयोजन में समिति के समस्त सदस्यगण एवम् समस्त ग्रामवासियों की विशेष सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर गजेन्द्र ठाकुर, डमेश्वर रजक, हितेंद्र ठाकुर, जयपाल साहू, रेमु यादव, चंद्रशेखर निर्मलकर, जय प्रकाश यादव, अभिषेक यादव, जितेंद्र साहू, थलेश निर्मलकर, घनशयाम निर्मलकर, निरंजन ठाकुर, रूपसिंह साहू, राधेश्याम सेन, राजेन्द्र साहू,खम्मन सिन्हा, दामेंद्र सेन, प्रमोद ठाकुर, सूर्या ठाकुर सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में 75 जोड़ों का विवाह

**जगदलपुर** । जगदलपुर विकासखंड के बाबू सेमरा ग्राम में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 75 जोड़ों ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। इनमें 66 जोड़ों ने सनातन परंपरा और 9 जोड़ों ने मसीही परंपरा के अनुसार विवाह किया। संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने इस अवसर पर बारात की अगुवाई करते हुए 75 दूल्हों के साथ बैंड बाजे की धुन पर नाचते गाते हुए विवाह स्थल तक पहुंचे।

उनके साथ इस अवसर पर इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, जगदलपुर की महापौर सफीरा



साहू, नगर निगम अध्यक्ष कविता साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष अनिता पोयाम, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज सिन्हा सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, वैवाहिक जीवन में प्रवेश कर रहे दंपत्ति और उनके परिजन उपस्थित थे। इस अवसर पर संसदीय सचिव ने दांपत्य जीवन में प्रवेश कर रहे युवा जोड़ों को खुशहाल और समृद्ध जीवन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज 75 युवाओं की बारात में शामिल होकर 75 वधुओं को ले जाने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि नव दंपत्ति अपने माता पिता की सेवा करते हुए खुशहाल जीवन व्यतीत करें।

सरकारी जमीन हड़पने वाले पूर्व मंत्री को गरीबों के लिए चिंता जताना शोभा नहीं देता

## पीएम आवास योजना पर राजनीति चमकाने झूठ का सहारा ले रहे भाजपा नेता -राजेंद्र साहू

**दुर्ग।** पीएम आवास योजना को लेकर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और राजेश मूणत द्वारा भूपेश सरकार पर आरोप लगाए जाने के बाद कांग्रेस नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की है। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेंद्र साहू ने कहा है कि आरोप लगाने वालों को पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई जांच का स्मरण कर लेना चाहिए। 300 एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा कर रिसॉर्ट बनाने के आरोपों से घिरे पूर्व मंत्री को गरीबों के लिए पीएम आवास की बात करना शोभा नहीं देता। राजेंद्र ने कहा कि आरोप लगाने



वाले पूर्व मंत्री के खिलाफ महासमुंद के जलकी गांव में 300 एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा करने के मामले की ईओडब्लू में जांच चल रही है। राजेंद्र ने आरोप लगाते हुए कहा कि भूपेश सरकार पर पीएम आवास न बनाने के आरोप लगाने वाले पूर्व मंत्रीद्वय को भाजपा शासित राज्यों में पीएम आवास योजना की दुर्गति का आंकड़ा भी देना चाहिए। सच ये है कि केंद्र की मोदी सरकार ने पीएम आवास योजना के लिए छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों को फंड ही नहीं दिया। 2022 तक पूरे देश में पीएम आवास बनाकर देना था, लेकिन देश भर में सिर्फ 50 फीसदी लक्ष्य ही पूरा हो पाया है। राज्यों को केंद्र से फंड न मिलने के कारण योजना अधूरी रह गई। राजेंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जनगणना और सर्वे कराने की मांग की है, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिल सके।

### दंतेश्वरी मंदिर में नवरात्रि में दीप प्रज्वलन हेतु ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीयन प्रारंभ हुआ

**जगदलपुर** । जिला मुख्यालय के दंतेश्वरी मंदिर जगदलपुर में चैत्र नवरात्रि के लिए दीप प्रज्वलन हेतु ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गया है। आज दीप प्रज्वलन हेतु ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीयन के शुभारंभ के अवसर पर टेंपल स्टेट कमेटी के सचिव एवं तहसीलदार पुष्पराज पात्र, लोहंडीगुड़ा तहसीलदार अर्जुन श्रीवास्तव सहित कमेटी के सदस्यगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष भी घृत दीप प्रज्वलन हेतु 1651 रुपए तथा तैल दीप प्रज्वलन हेतु 701 रुपए प्रदान कर पंजीयन कराया जा सकता है।

## कंदीय फसलों पर आधारित एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन

**कांकेर।** अखिल भारतीय समन्वित कंद फसल अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि महाविद्यालय एवं अनुसन्धान केंद्र सिंगार-भाट कांकेर के द्वारा भानुप्रतापपुर विकासखंड के

ग्राम चलेवा में किया गया ! परियोजना के प्रभारी डॉ फूलसिंह मरकाम के द्वारा कार्यक्रम की रूप रेखा और कंदीय फसलों की संभावना के बारे में विस्तार से बताया गया ! डॉ नितिन कुमार रस्तोगी, अधिष्ठाता ने कंदीय फसलों के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुये सेमरकंद, जिमिकंद, कोचई के पोषक तत्व और मानव




शरीर पर उनके प्रभाव के बारे में कृषको को जानकारी दी! अखिल भारतीय समन्वित कंद फसल अनुसन्धान परियोजना की प्रमुख अन्वेषक डॉ पदमाक्षी ठाकुर ने इस परियोजना के अंतर्गत शोध की जाने वाली सभी कंदीय फसल सेमरकांदा, जिमिकांदा, अरोरुट, तिखुर, डांगकांदा, कोचई, बैचाँदी, केउकांदा, नागरकांदा आदि फसलों की खेती और किस्मों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुये कृषको के सवालों के जवाब दिये! डॉ जीवन सलाम, सह प्राध्यापक ने कंदीय फसलों के किस्मों और किस्म बनने की प्रकिया के साथ साथ पारम्परिक महत्व को उजागर किये!



# राम नवमी महोत्सव में मैथिली ठाकुर के भजनों की प्रस्तुति



**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर में रामनवमी महोत्सव के आयोजन को लेकर रविवार को बैठक आयोजित की गई, जिसमें संपूर्ण हिंदू समाज के आराध्य छत्तीसगढ़ के भांचा श्री राम जी के जन्म उत्सव को बृहद रूप में मनाने की रूपरेखा तैयार की गई । बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अपने अपने सुझाव दिए । आपसी राय शुमारी के बाद निर्णय लिया गया कि 30 मार्च की सुबह 9 बजे से रात्रि 11 बजे तक प्रभु राम से जुड़े कीर्तन व भजन मंडली के कार्यक्रम होंगे । महाआरती, दीपदान तथा भव्य आतिशबाजी के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा । साथ ही विशेष रुप से पधारे देश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका मैथिली ठाकुर द्वारा 9 बजे से 11 बजे तक भजन संध्या की प्रस्तुति होगी । समारोह को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए टोली प्रमुखों की नियुक्ति की गई है, जो पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था संभालेंगे । प्रशासनिक व्यवस्था की जिम्मेदारी मनोज गोयल, पुष्पेंद्र उपाध्याय तथा विवेक अग्रवाल को दी गई है । इसी प्रकार भंडारा प्रसाद के लिए प्रमोद खरे,पार्किंग व्यवस्था विनोद पंडित, सुरेश क्षत्री, विनय साहू, मेधु साहू तथा शशि व्यास संभालेंगे । साथ ही 350 से भी अधिक कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई । अध्यक्ष बृजलाल गोयल ने सभी कार्यकर्ताओं से व्यवस्था में सहयोग की अपेक्षा करते हुए कार्यक्रम में सबकी सहभागिता पर जोर दिया । उल्लेखनीय है कि सचिव लीलाधर जी तथा भगवती शर्मा आदि वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है ।





# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की वर्चुअल बैठक आयोजित





**सूरजपुर ।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत सभा कक्ष में जनजातीय कार्य मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सरगुजा सांसद श्रीमती रेणुका सिंह की अध्यक्षता में वर्चुअल के माध्यम से आयोजित हुई। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह ने पूर्व में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा निरंतर जिले के विकास के लिए सभी विभाग को समन्वय कर टीम भावना से कार्य करने प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी तथा सभी योजनाओं का विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। सांसद श्रीमती रेणुका सिंह ने जिले के सभी विभाग के अधिकारियों को बेहतर समन्वय कर शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करने निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए जा रहे पीएम आवास के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली एवं कार्यों में तेजी लाते हुए बारिश के पूर्व तक समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों की जानकारी ली तथा मनरेगा के मजदूरी भुगतान समय अवधि में करने निर्देश दिया। उन्होंने जिले के विद्युत समस्या की जानकारी लेते हुए बिजली समस्या एवं खराब ट्रांसफार्मर का समय अवधि में परिवर्तित करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### भरोसे का नहीं धोखे का है बजट - अर्जुन राठौर

#### छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए सरकार के पास नहीं है कोई रोडमैप - JCCJ

**सक्ती।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) विधान सभा सक्ती के प्रभारी अर्जुन राठौर ने भूपेश सरकार के आखरी बजट 2023 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह बजट आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया जैसा है। विधानसभा में विपक्ष के नेताओं के एक सवाल में लिखित जवाब देते हुए खुद मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बताया कि जनवरी 2023 के स्थिति में राज्य सरकार पर 82.125 हजार करोड़ रूपया का ऋण है। बजट पेश करते समय सरकार इस ऋण को कैसे चुकाएगी ? सरकार के पास आए के कौन कौन से साधन होंगे ? बजट में नहीं बताया गया, यही हाल रहा तो छत्तीसगढ़ सरकार आने वाले समय में दिवालिया के कगार में पहुंच जाएगी । सरकार के पास छत्तीसगढ़ को कैसे विकसित राज्य बनाया जाए तत्संबंध में कोई रोडमैप नहीं है। बजट में मेडिकल कालेज बनाने की घोषणा हुई पर वह किस मद से बनेगा ? और कब तक बनेगा ? उसका सरकार ने कुछ नहीं बताया। बेरोजगारों को भत्ता देने की घोषणा किया बेरोजगारों को बीते 4 वर्षों का भत्ता दिया जाना है पर सरकार ने उसपर भी कटौती कर दिया है। वही सरकार ने बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के संबंध में भी कुछ नहीं बताया । सौर्य ऊर्जा और बिजली में गांव ग्रामीण को आत्म निर्भर बनाने के संदर्भ बजट में कोई प्रावधान नहीं दिखा । कुल मिलाकर सरकार ने बजट के नाम पर औपचारिक घोषणा की है, चुनाव को ध्यान में रखकर लोक लुभावना बजट प्रस्तुत किया किया गया है जो कि अविश्वनीय है। भूपेश सरकार का यह बजट भरोसे का नहीं बल्कि धोखे का है।



### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस श्रीमती कमलेश जांगड़े में महिलाओं को संदेश दिया

**सक्ती।** मन वचन और कर्म से आधी दुनिया अर्थात नारी जाति के प्रति सम्मान का भाव प्रगट करने का पल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आज महज औपचारिकताओं से परे कुछ भी नजर नहीं आता।इस अवसर पर इन औपचारिकताओं से हटकर अंतर्मन से सनातन संस्कृति के मूल भाव यत्र नारीयस्त पूज्यंते तत्र रमंते देवता...को ही हम आत्मसात कर लें और दिनचर्या के व्यवहार में अमल ले आएं तो फिर पूरी दुनिया नारी सशक्तिकरण, महिला उत्थान, महिला जागरण हेतु इन व्यर्थ के चोचलों से निजात पा ले और हर घरट्ठपरिवार, समाज, देश और साथ ही साथ समूचा विश्व सुख शांति की धरा बन जायेगा। पर हम देखते हैं कि नारी सशक्तिकारण को लेकर जितनी भी कानून बने, कवायदें हुई उसने उल्टे समाज के एक वर्ग के प्रति असुरक्षा के भाव के साथ समाज में प्रतिकूलता ने दिन ब दिन सामाजिक कुंठाओं को ही जन्म दिया। आज बहुत ज्यादा कानून कायदा की बात न कहते हुए एवम् एकतरफा नारी सशक्तिकारण के थोथे नारे लगाने के बजाय समाज सशक्तिकरण की बात हो क्योंकि समाज के किसी एक वर्ग के कानूनी अधिकार का भय दिखाकर दूसरे वर्ग के मन में कुंठा, निराशा और अशांति का भाव पैदा करना सभ्य समाज के लिए अच्छा संदेश नहीं है ।आज इस अवसर पर इस अंतिम सत्य को स्वीकार कर हम सब खासकर ! नारी शक्ति संकल्प लें कि सब दकियानूसी परंपराओं से परे हम सभी नर नारी परस्पर लक्ष्मी नारायण बनें और बिना किसी को डराए और धमकाए कंधे से कंधे मिलाकर सभ्य समाज के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करें ताकि सारी कायनात के साथ समभाव के आचरण को आत्मसात कर हम सुख शांति से जीवन यापन कर सकें और तभी देश के प्रथम नागरिक के रूप में विराजित महिला समाज का प्रतिनिधित्व कर रही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की बात सत्य साबित होगी।



# कलेक्टर ने ग्राम करूपान में जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण



**दाऊलाल के घर टेपनल से पानी पीकर परखी जल की गुणवत्ता**

**मुंगेली।** जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण करने कलेक्टर राहुल देव आज मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम करूपान पहुंचे। उन्होंने वहां हितग्राही दाऊलाल साहू के घर घरेलू नल कनेक्शन का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने नल कनेक्शन से पानी पीकर जल की गुणवत्ता भी परखी। उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा करते हुए प्रत्येक दिन स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की जानकारी ली। हितग्राही दाऊलाल ने बताया कि पहले घरेलू नल कनेक्शन नहीं होने के कारण पानी के लिए काफी समस्या होती थी। दूर से पानी लाना पड़ता था। लेकिन अब जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन लगने से घर में ही स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इसके लिए बाहर नहीं जाना पड़ता। बता दें कि कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में नल कनेक्शन के माध्यम से प्रत्येक घर में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने जल जीवन मिशन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस हेतु कलेक्टर द्वारा समय-समय पर बैठक लेकर जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा भी की जाती है तथा उनके द्वारा ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर द्वारा स्वयं जल जीवन मिशन के कार्य का मॉनिटरिंग किया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने आज ग्राम करूपान पहुंचकर जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुंगेली एसडीएम आकांक्षा शिक्षा खलखो, जनपद पंचायत सीईओ मुंगेली सहित संबंधित अधिकारी, सरपंच लोकराम साहू उपस्थित थे।

# ग्राम जंजगिरी में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान किया गया



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण द्वारा अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन ग्राम जंजगिरी में आयोजित किया गया उक्त कार्यकम जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी रिवेन्द्र यादव थी ।अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख ने की । विशेष अतिथि श्रीमती योगिता चन्द्राकर कृषि सभापति जिला पंचायत दुर्ग,श्रीमती झमित गायकवाड उपाध्यक्ष जनपद पचांयत दुर्ग,श्रीमती लेखन साहू जनपद सदस्य दुर्ग,श्रीमती हेमकुमारी देशमुख जनपद सदस्य, श्रीमती दीपिका चन्द्राकर जनपद सदस्य,श्रीमती रेखा चतुर्वेदी सरपंच जांजगिरी उपस्थित थी/कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूजा अर्चना पश्चात् कार्यकर्ताओ द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात परियोजना अधिकारी श्रीमती उषा झा ने कार्यक्रम के उद्देश्य तथा विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया ।होली व अंतरराष्टीय महिला दिवस की बधाई के साथ साथ मुख्यमंत्री द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के वेतन वृद्धि के मांग को पूरा करने हेतु बधाई देते हुए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शालिनी रिवेंद्र यादव ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं चाहे पढ़ाई का क्षेत्र हो,राजनीति में हो,आर्थिक दृष्टि से हो,धरती के साथ आसमां में भी अपना परचम लहरा रहीं हैं।श्री देवेन्द देशमुख जनपद पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता सहायिका अपनी समस्याओ को अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो को अवगत कराये उन्होने कहा कि हमेशा महिलाओ का सम्मान किया जाना चाहिए। श्रीमती योगिता चन्द्राकर जिला पंचायत सदस्य जी ने सभी महिलाओं का उत्साहवर्धन कर कहा कि सभी को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने की कोशिश करनी चाहिए।श्रीमती झमित गायकवाड उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग ने कहा कि छोटे -छोटे प्रयास करके ही उच्चस्तर तक महिलाये पहुंच सकती है अतः महिलाओ को सदैव प्रयासरत होना चाहिए।

## सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों की एक दिवसीय जिला स्तरीय अध्यक्षव्यवस्थापक एवम् प्राचार्यप्रधानाचार्य सम्मेलन आयोजित

*समाज से प्रत्यक्ष साक्षात्कार ही सरस्वती शिशु मंदिर को उनका पुराना वैभव दिला सकता है ... चितरंजय पटेल अधिवक्ता।*



**सक्ती।** समाज से प्रत्यक्ष साक्षात्कार ही सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों को उनका पुराना वैभव दिला सकता है यह बात सरस्वती शिशु मंदिर सक्ती के व्यवस्थापक अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने छत्तीसगढ़ सरस्वती शिक्षा संस्थान के जिला स्तरीय अध्यक्ष, व्यवस्थापक, प्राचार्य व प्रधानाचार्य सम्मेलन के दरम्यान कहते हुए प्रचार्य व प्रधानाचार्य से अभिभावकों के घर तक दस्तक देने का आग्रह किया। विद्या भारती की ओर से संभागीय समन्वयक गेंद राम राजपूत, जिला प्रतिनिधि रवींद्र सराफ, पुरंदर कश्यप व दिवाकर ने उत्कृष्ठ विद्यालय के कल्पना को साकार करने की दिशा में विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की बारी बारी से जानकारी लेकर सभी विद्यालय के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि हम अपने आचार्यों के माध्यम से समाज के अंत्योदय परिवार से जुड़कर सामाजिक समरसता के भाव को आत्मसात कर संस्कारक्षम वातावरण में भैया बहनों के भविष्य निर्माण के साथ राष्ट्र पुनर्निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करे।

कलेक्टर ने ग्राम लिम्हा और संबलपुर में रिपा का किया निरीक्षण

# निर्माण कार्यों में धीमी गति पर जताई नाराजगी, तेजी लाने के दिए निर्देश



**मुंगेली ।** मुंगेली विकासखंड के ग्राम लिम्हा और संबलपुर में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रिपा) अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का कलेक्टर राहुल देव ने आज प्रातः निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां निर्माण कार्यों में धीमी गति पर नाराजगी जताई और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिपा का स्वरूप सुंदर और आकर्षक होना चाहिए। इस हेतु उन्होंने लाईटिंग की व्यवस्था के लिए हाई मास्ट लाईट लगाने और गेट को आकर्षक स्वरूप में तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रिपा में विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधि के संचालन हेतु मशीन यूनिट स्थापना कार्य को भी निर्धारित गाईडलाईन के अनुसार शीघ्र स्थापित करने, पेयजल, शौचालय, विद्युतीकरण की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रिपा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से है। इस कार्य में रूचि लेते हुए गंभीरतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने कहा कि आगामी 31 मार्च को रिपा का शुभारंभ किया जायेगा। उन्होंने रिपा में विभिन्न गतिविधियों के संचालन हेतु चयनित महिलाओं को बेहतर प्रशिक्षण दिलाने और अन्य जिले के रिपा का भ्रमण कराने के भी निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पण्डरभट्ठा का किया निरीक्षण



**ग्रामीणों से चर्चा कर ली उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी**

**मुंगेली।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेने कलेक्टर राहुल देव ने आज सबेरे मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम पण्डरभट्ठा के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पहुंचे। उन्होंने हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के विभिन्न कक्षों पीएनसी कक्ष, महिला वार्ड, पैथोलाजी कक्ष, दवाई भंडार कक्ष, नेत्र जांच कक्ष तथा विभिन्न पंजियों को अवलोकन किया। उन्होंने वहां प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या, दवाई की उपलब्धता, चिकित्सकों एवं स्टाफ की उपस्थिति, मरीजों को दी जाने वाली भोजन आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने वहां उपस्थित ग्रामीणों एवं सरपंच से चर्चा कर हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली और चिकित्सक एवं स्टाफ को आवश्यक निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पहुंचने वाले मरीजों का संवेदनशीलता के साथ बेहतर उपचार कर उन्हें राहत पहुंचाएं। इस अवसर पर मुंगेली एसडीएम सुश्री आकांक्षा शिक्षा खलखो, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश खैरवार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और ग्रामीणजन उपस्थित थे।


# खुद को एम्स का डॉक्टर बताकर नर्स को बनाया हवस का शिकार, आरोपी निकला अस्पताल का वॉर्डबॉय



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में शादी का झांसा देकर लम्बे वक़्त तक बलात्कार की घटना को अंजाम देने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया हैं। घटना अभनपुर थाना क्षेत्र की हैं जहां एक वार्डबॉय पर नर्स को झांसे में लेकर उसकी आबरू लूटने का आरोप हैं।

करीब दो साल तक आरोपी नर्स को झांसे में रखकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता रहा। अब जाकर आरोपी वार्डबॉय के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया हैं। पुलिस ने पूरा मामले की जाँच शुरू कर दी है। पीड़िता एक प्राइवेट अस्पताल में नर्स का काम करती हैं। बताया जा रहा हैं की पीड़िता नर्स की आरोपी की पहचान एक मेट्रोमोनियल सॉइट शादी डॉट कॉम जरिये हुई थी। इसके बाद आरोपी ने उसे शादी का झांसा दिया। इस दौरान दो साल तक वह नर्स के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता रहा। हैरानी वाली बात यह हैं की वॉर्डबॉय ने खुद को नर्स के सामने AIIMS के डॉक्टर के तौर पर पेश किया था। पुलिस पीड़िता के बयान के मुताबिक़ अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

# 108 सूर्य नमस्कार के अभ्यास शरीर को बना देते है लचीला : विंकू भाठिया




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के तत्वावधान में सत्रहवें सत्र के ऑनलाइन संघ योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री विंकू भाठिया, फिटनेस गुरु, बिलासपुर(छ.ग.) ने विषय शारीरिक लचीलापन बढ़ाने हेतु योगाभ्यास पर सत्र लिया! इस सत्र पर संघ अध्यक्ष श्री अनिल चन्द्राकर जी ने हार्दिक आभार व्यक्त किया ! महासचिव श्री खोमेश साहू जी (यू.जी.सी.-एस.आर.एफ) ने मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छरूपी शब्दों से स्वागत कर भूमिका प्रस्तुत करते हुए कहा कि रसायनयुक्त भोजन व आरामदेह जीवनशैली के कारण शरीर मे विषाक्तपदार्थों की मात्रा लगातार बढ़ती जा रही है, दुष्परिणामस्वरूप शरीर के अंगों में विकृति व कड़ापन आने लगा है, इससे बचने के लिए चयनित योगाभ्यास करने की महती आवश्यकता है! सुश्री मोनिका सिन्हा जी ने मुख्य वक्ता का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि विंकु जी योगाभ्यास के कारण साइकिल से ही अमरकंटक से बिलासपुर की यात्रा कर लेते हैं साथ ही 108 बार प्रतिदिन सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते है!

विंकु जी ने इस सत्र में कहा कि आधुनिक रहन-सहन के कारण शरीर मे पहले की तरह फुर्तीला नही रह गया है! तनाव, अधिक काम व अधिक आराम के कारण शरीर कड़ा होने लगता है! ऐसी स्थिति में आगे झुकना, पीछे झुकना, घर के रोजमर्रा के काम कर पाना कठिन हो जाता है! योगाभ्यास के नियमित अभ्यास से इंसान की आयु 10 साल कम लगने लगती है! शरीर के लचीलापन को बढ़ाने के लिए आपने आसनों का समुच्चय के रूप में सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, वीरभद्रासन, त्रिकोणासन, मलासन, सूक्ष्म व्यायाम इत्यादि बताये है! साथ ही चन्द्रभेदी प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम व ध्यान सत्र का भी अभ्यास बताया! आपने यह भी कहा कि शरीर के स्वस्थ रहने का राज जो भी है वह भीतर ही है! इस लचीलेपन को मापने का पैमाना भी हमारा शरीर ही है! कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन बिलासपुर से बिंदु सिंह जी ने किया! इस संघ योगाभ्यास कार्यक्रम में श्रीमती यामिनी शर्मा ने रुपरेखा प्रबंधन, श्री पीयूष वर्मा, सुश्री मीनू बंजारे ने तकनीकी कार्यभार व गूगल मीट, बिलासपुर से बिंदु सिंह, बलौदाबाजार से दीपक कुमार वर्मा, आसना गौतम, सुनीता वर्मा, तनुश्री चन्द्राकर, छाया प्रजापति ने सोशल मीडिया प्रबंधन के कार्यों में विशेष सहयोग प्रदान किया! साथ ही कार्यक्रम में दुर्ग से उमा सैनी, बलौदाबाजार से केशोराम साहू, देवेंद्र पटेल, रश्मि वर्मा, रायपुर से चीफ मैनेजर तनुजा तिर्की, बबीता सोनवानी, रायगढ़ से मनीषा नवनीत, गरियबन्द से अर्जुन धनंजय सिन्हा, कवर्धा से सीमा कौशिक, भुवनेश्वर कुमार, बिलासपुर से किरण यादव, चन्द्रा, रोशन इत्यादि अलग-अलग जिलों से जुड़कर श्रोताओं ने कार्यक्रम का लाभ प्राप्त किया!

## सुनील शेट्टी की नई सीरीज हंटर का टीजर जारी




बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सुनील शेट्टी को कौन नहीं जानता, एक्टर ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को कई सारी हिट फिल्में दी हैं. एक्टर के पूरे देश भर में फैन-फॉलोइंग है. आज हम सुनील शेट्टी के फैंस के लिए एक खुशखबरी लेकर आए हैं. सुनील शेट्टी की आने वाली वेब सीरीज हंटर- टूटेगा नहीं तोड़ेगा का टीजर आज यानी शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है. इस एक्शन थ्रिलर में सुनील शेट्टी लीड रोल में एसीपी विक्रम सिन्हा की भूमिका निभा रहे हैं. टीजर में सुनील बदमाशों से अकेले ही अपराधियों से लोहा लेते नजर आ रहे है. प्रोमो में ईशा देओल और बरखा बिष्ट को भी देखा जा सकता है.



## कुंडली भाग्य की प्रीता ने गिराई अपने हुस्न की बिजलियाँ, देखकर मदहोश हुए फैंस

**टीवी के चर्चित सीरियल कुंडली भाग्य की प्रीता ने एक बार फिर अपने बोल्ड अंदाज से सोशल मीडिया पर लोकप्रियता बटोरनी आरम्भ कर दी है।**

*हाल ही में श्रद्धा आर्या ने नई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। श्रद्धा की बोल्डनेस और उनके हुस्न का दीदार देख प्रशंसक जमकर तारीफें करते दिखाई दे रहे हैं। वही हाल ही में श्रद्धा आर्या ने पिंक कलर का आउटफिट पहने तस्वीरें साझा की हैं। कंधे से सरकते ऑउटफिट में श्रद्धा जमकर अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। फुल स्लीव्स डीपनेक ऑउटफिट में श्रद्धा आर्या बेहद खूबसूरत और सिजलिंग पोज देती नजर आ रही हैं। श्रद्धा आर्या ने सटल मेकअप के साथ न्यूड पिंक शेड लिपस्टिक कैरी की है। साथ ही श्रद्धा आर्या ने बालों को नीचे से कर्ल करके खुला छोड़ा है। श्रद्धा आर्या ने अपने नए लुक को पूरा करने के लिए कानों में स्टोन्स वाले ईयरिंग्स पहनें है। साथ ही श्रद्धा मैचिंग बैग और हील्स भी नई तस्वीरों में जमकर फ्लॉन्ट किए हैं। वही बात यदि श्रद्धा आर्या के वर्कफ्रंट की तो एक्ट्रेस ने कई टेलीविज़न शोज के साथ-साथ अमिताभ बच्चन की फिल्म निशब्द में भी वह नजर आ चुकी हैं। श्रद्धा आर्या ने कई फिल्मों में अपनी अदाकारी का जादू दिखाया है। फिलहाल श्रद्धा आर्या जी टीवी के सीरियल कुंडली भाग्य में प्रीता की भूमिका निभाती दिखाई दे रही हैं। श्रद्धा आर्या की सोशल मीडिया पर बेहतरीन फैन-फॉलोइंग है, जब भी श्रद्धा नई तस्वीरें और वीडियो शेयर करती हैं तारीफें करने वालों का तांता लग जाता है।*

## नियति फतनानी ने डियर इश्क के लिए इंटीमेट सीन की शूटिंग के बारे में बताया

अभिनेत्री नियति फतनानी इन दिनों वेब सीरीज डियर इश्क में नजर आ रही हैं और उन्होंने हाल ही में एक इंटिमेट सीचेंस शूट किया है। अभिनेत्री ने बताया कि वह इंटिमेट सीन शूट करने से पहले कैसे झिझक रही थीं। अभिनेत्री नियति फतनानी ने कहा, पहली बात तो यह है कि मैं शर्मीली हूं और एक शर्मीले इंसान के लिए इस तरह के सीन करना इतना आसान नहीं है, इसलिए शुरू में मुझे बहुत झिझक हो रही थी।



टीम ने यह सुनिश्चित किया कि मैं और मेरे सह-अभिनेता सीन करने में सहज हों और इसे इस तरह से डिजाइन किया गया था कि इसे शूट करना आसान हो। और यह स्क्रीन पर भी बहुत ही सौंदर्यपूर्ण रूप से आया। अभिनेत्री नियति ने नजर, ये मोह मोह के धागे, डी4- गेट अप एंड डांस जैसे कई शो किए हैं।

अभिनेत्री इन दिनों शो तेरे इश्क में घायल में नजर आ रही हैं। नियति यश और ममता पटनायक द्वारा निर्मित डियर इश्क में पुरस्कार विजेता अस्मिता रॉय की भूमिका निभा रही हैं। वह एक बंगाली लड़की है जिसे पुराने क्लासिक साहित्य पढ़ना पसंद है और उन्हें मंटो, चार्ल्स डिकेन और प्रेमचंद जैसे लेखकों से प्यार है।


उन्होंने कहा कि एक अभिनेत्री होने के नाते, स्क्रिप्ट की मांग को पूरा करना उनका काम है। हालांकि वह अंतरंग दृश्य (इंटीमेट सीन) करने में हिचकिचा रही थीं, लेकिन उन्होंने इसे किया। उन्होंने आगे कहा कि इंटीमेट सीन स्क्रिप्ट की मांग थी और उस आवश्यकता को पूरा करना एक अभिनेत्री का काम है। सीन बहुत अच्छा निकला और दर्शकों की अद्भुत प्रतिक्रिया यह सब कह रही है। अभिनेत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि शो के दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

००

## फिल्म भीड़ का ट्रेलर रिलीज, दिखा लॉकडाउन का दर्दनाक मंजर

राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर जल्द ही फिल्म भीड़ में नजर आएंगे। इस फिल्म से जुड़ी अब तक कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं। फिल्म का निर्देशन जाने-माने निर्देशक अनुभव सिन्हा ने किया है, वहीं पोस्टर और टीजर सामने आने के बाद से इसके ट्रेलर का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है। राजकुमार और भूमि दोनों ने ही ट्रेलर रिलीज की जानकारी सोशल मीडिया पर दी है।

ट्रेलर में दिखाया गया है कि कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन लगने के कारण प्रवासियों को अपने घर पहुंचने में किस तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा? बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर हैं। पुलिस भीड़ पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज और पानी की बौछार कर रही है और राजकुमार भीड़ में अकेले कुछ अलग करने की हिम्मत जुटा रहे हैं। संकट के इस दौर में वह अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते दिख रहे हैं।



## विष्णु के आधुनिक अवतार पर आधारित होगी दीपिका और प्रभास की प्रोजेक्ट के

दीपिका पादुकोण और प्रभास की चर्चित फिल्म प्रोजेक्ट के काफी समय से चर्चा में है। कुछ दिन पहले ही एक नए पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा भी की गई थी।

फिल्म का निर्माण वैजयंती मूवीज कर रही है। फिल्म को लेकर कई रिपोर्ट्स आ चुके हैं जिनमें बताया गया कि यह फिल्म बड़े स्तर पर बन रही है। अब निर्माता ने इस बारे में अपना बयान दिया है। निर्माता अश्विनी दत्त ने फिल्म के बारे में कई जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि यह ग्राफिक्स से भरपूर फिल्म है। फिल्म के ग्राफिक पर पांच महीने पहले काम शुरू हो चुका है। यह काम अगले साल की शुरुआत तक चलेगा। फिल्म में शानदार वीएफएक्स का इस्तेमाल होगा। फिल्म के एक्शन दृश्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्टंट कोर्डिनेटरों को शामिल किया गया है। अश्विनी के मुताबिक फिल्म की 70 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है। अश्विनी ने कहा, फिल्म में साइंस फिक्शन के रोचक तत्व होंगे। यह फिल्म विष्णु के आधुनिक अवतार पर आधारित है, लेकिन साथ ही फिल्म बेहद भावुक भी होगी। हमने एक्शन सीचेंस देखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्टंट कोरियोग्राफर बुलाए हैं। आप फिल्म में जो कुछ भी देखेंगे, सबकुछ आपको हैरान कर देगा। इससे साफ है कि फिल्म में पौराणिकता और विज्ञान का दिलचस्प मेल देखने को मिलेगा।




# खेल

भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट, चौथा दिन

## 1205 दिन के बाद विराट का शतक, टीम इंडिया अब ऑस्ट्रेलिया से 20 रन पीछे

अहमदाबाद। अहमदाबाद में भारत-ऑस्ट्रेलिया चौथे टेस्ट के चौथे दिन विराट कोहली ने शतक लगाया। टेस्ट में 1205 दिन, 23 मैच और 41 पारियों के बाद उन्होंने संेचुरी लगाई है। यह उनका 28वां टेस्ट शतक है।



कोहली और अक्षर क्रीज पर हैं। पहली पारी में भारत का स्कोर 5 विकेट पर 460 रन है। भारत अभी ऑस्ट्रेलिया से 20 रन पीछे है।

कोहली ने 23 नवंबर 2019 को आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ 27वां टेस्ट शतक जमाया था। यह उनका 28वां टेस्ट शतक है। अब कोहली के नाम 75 इंटरनेशनल शतक हो गए हैं। उन्होंने टेस्ट में 28, वनडे में 46 और टी-20 इंटरनेशनल में एक शतक जमाया है। श्रीकर भरत 44 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नाथन लायन ने पीटर हैंड्सकॉम्ब के हाथों कैच कराया। भरत ने कोहली के साथ 84 रन की साझेदारी की। इससे पहले, रवींद्र जडेजा 23 रन बनाकर आउट हुए। जडेजा ने कोहली के साथ 170 बॉल पर 64 रन की साझेदारी की।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को भारत ने 289/3 से पारी को आगे बढ़ाया। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 480 रन बनाए।



## ग्रीन लंबे समय तक दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर बने रहेंगेः किम ह्यूज




**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान किम ह्यूज का मानना है कि यदि कैमरन ग्रीन खुद को फिट बनाए रखते हैं तो वह लंबे समय तक दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर बने रहेंगे। ग्रीन ने भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के अहमदाबाद में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच में अपने करियर का पहला शतक जमाया।

ह्यूज ने कहा, मैं पिछले कई वर्षों से कह रहा हूं कि यदि वह खुद को फिट रखता है तो वह लंबे समय तक दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर बना रहेगा। मुझे इसमें कतई शक नहीं है। ग्रीन जब किशोर खिलाड़ी थे ह्यूज तब से उनके करियर पर नजर रखे हुए हैं।

उन्होंने कहा, उसका गेंदबाजी एक्शन बेहद सरल है। और मेरे कहने का मतलब एकदिवसीय ऑलराउंडर से नहीं है।

### एक नजर

## गंडास ने कीनिया ओपन के कट में जगह बनाई, शुभंकर चूके



**नैरोबी ।** भारत के मनु गंडास कीनिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने में सफल रहे लेकिन शुभंकर शर्मा दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे गंडास में दूसरे दौर में इवन पार 71 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर अब एक अंडर 141 है और वहां 64वें स्थान पर काबिज हैं। शुभंकर ने पहले दो दौर में 73 और 70 का कार्ड खेला जिससे वह कट में जगह बनाने में असफल रहे। नाचो एलविरा ने 67 और 65 के स्कोर के साथ एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। तीन खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

## गिल का अर्धशतक, भारत के लंच तक एक विकेट पर 129 रन



**अहमदाबाद।** युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने अंतिम एकादश में अपनी जगह को सही साबित करते हुए नाबाद अर्धशतक जमाया जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 480 रन के जवाब में चौथे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां लंच तक एक विकेट पर 129 रन बनाए। भारत इस तरह से अभी ऑस्ट्रेलिया से 351 रन पीछे है। भारत ने पहले सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (58 गेंदों पर 35) का विकेट गंवाया जिन्होंने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर बड़ा स्कोर बनाने का सुनहरा मौका गंवाया। उन्हें बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहेनमन ने आउट किया। लंच के समय गिल 65 और चेतेश्वर पुजारा 22 रन पर खेल रहे थे।

गिल और रोहित ने पहले विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी की। रोहित अच्छे प्रवाह में बल्लेबाजी कर रहे थे और उन्होंने मिशेल स्टार्क पर पुल करके छक्का भी लगाया था।

मुंबई इंडियंस को लगा दूसरा झटका

## बुमराह के बाद IPL से बाहर हुए ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जाय रिचर्डसन

मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जाय रिचर्डसन भी इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) से चोट की वजह से बाहर हो गए हैं। रिचर्डसन को हैमस्ट्रिंग चोट की सर्जरी से उबरने में समय लगेगा, जिसके चलते वह पूरे आईपीएल में नहीं दिखेंगे। साथ ही उनके एशेज सीरीज से भी बाहर होने की पूरी संभावना है। रिचर्डसन को मुंबई ने 1.50 करोड़ रुपए में खरीदा था।

मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईपीएल 2023 से पहले ही बाहर हो गए थे। उन्हें भी बैक स्ट्रेस इंजरी की शिकायत थी। इसी वजह से वह आईपीएल का ये सीजन नहीं खेलेंगे।

रिचर्डसन को यह इंजरी बिग बैश लीग यानी BBL के दौरान हुई थी। रिचर्डसन ने इसकी जानकारी ट्विटर के जरिए दी। रिचर्डसन ने अपने ऑफिशियल ट्विटर पर लिखा, चोट क्रिकेट का हिस्सा हैं, यह सच है, लेकिन निराशाजनक भी बिल्कुल! लेकिन अभी मैं ऐसी स्थिति में हूं कि जहां मैं वहां लौट सकता हूं, जिससे मैं प्यार करता हूं और पहले से बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए और कड़ी मेहनत कर सकता हूं। एक कदम पीछे लेकिन दो कदम आगे।



WPL में 10 विकेट से जीती दिल्ली कैपिटल्स

## 7.1 ओवर में हासिल किया 106 का टारगेट; शेफाली की फिफ्टी, कैप को 5 विकेट

**मुंबई।** विमेंस प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जायंट्स को 10 विकेट से हरा दिया। डीवाई पाटिल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 105 रन बनाए। जवाब में कैपिटल्स ने 7.1 ही ओवर में बगैर विकेट गंवाए टारगेट हासिल कर लिया। दिल्ली से शेफाली वर्मा ने 19 बॉल में फिफ्टी जड़ी। उन्होंने 28 बॉल में 76 रन बनाए। पहली पारी में मारियन कैप ने 5 और शिखा पांडे ने 3 विकेट लिए। इस जीत के साथ दिल्ली ने 6 पॉइंट लेकर पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। वहीं, गुजरात 4 मैचों में एक जीत के बाद 2 पॉइंट्स लेकर चौथे स्थान पर है।




**दिल्ली कैपिटल्स की ओपनिंग : 107* (43)**
शेफाली 76 (28) | लेनिंग 21 (15)

### पावरप्ले में कैपिटल्स की आक्रामक शुरुआत

106 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी दिल्ली को शेफाली वर्मा और मेग लेनिंग ने आक्रामक शुरुआत दिलाई। दोनों ने 3 ओवर में 34 रन जोड़ने के बाद एश्ले गार्डनर के ओवर में 23 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने पारी के पांचवें ओवर में 19 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। यह WPL में उनकी दूसरी फिफ्टी है। 6 ओवर की समाप्ति पर टीम ने बगैर विकेट खोए 87 रन बना लिए।

# पहले गला घोंटकर महिला को उतारा मौत के घाट फिर खुदकुशी का प्रपंच रचकर थाने में दी झूठी सूचना, पीएम. रिपोर्ट ने खोला राज

**राजनांदगांव।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 10/03/2023 को प्रार्थी संदीप वर्मा पिता ओमकार वर्मा उम्र 30 साल निवासी ग्राम बिजनापुर ने पुलिस चौकी मोहारा ने सूचना दर्ज कराया कि उसकी पत्नी श्रीमती मीना वर्मा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, कि रिपोर्ट पर मर्ग कर 16/23 धारा 174 जाफो के तहत मर्ग कायम कर जांच में लिया गया, जांच में मामला नवविवाहिता होने से मर्ग की जांच न्यायिक दण्डाधिकारी श्री विजय साहू से करायी गई एवं शव को पीएम कराने भेजा गया, मामले में मृतिका के माता पिता द्वारा न्यायिक दण्डाधिकारी के समक्ष दिये गये कथन में अपनी लड़की मीना की हत्या उसके पति संदीप वर्मा द्वारा ही किये जाने की आशंका व्यक्त किये थे। मृतिका के कराये गये पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा भी मृतिका की हत्या होना लेख किये जोन से क्राईम नं.-137/2003 धारा-302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अभिषेक मीणा द्वारा घटना को गंभीरता से लेतु हुए आरोपी की गिरफ्तारी यथाशीघ्र किये जाने के निर्देश पर अति पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री लखन पटले एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री प्रभात पटेल एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सुरेन्द्र स्वर्णकार के मार्गदर्शन पर चौकी प्रीाारी मोहारा श्री पिल्लुराम मंडावी एवं उनकी टीम द्वारा आरोपी एवं उनकी टीम द्वारा आरोपी एवं उनके परिजनों से गहन पूछताछ किया गया, आरोपी पति संदीप वर्मा द्वारा पत्नी से घरेलू बातों को लेकर वाद-विवाद होने से मार पीट किया, जिससे मृतिका के आंख के भाग और माथे के पास चोटें आयी, वाद-विवाद ज्यादा बढ़ने से आरोपी अधिक आवेश में आकर नायलोन की रस्सी से गला घोटकर हत्या कर दिया एवं आरोप से बचने के लिए, पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, कहकर पुलिस को गुमराह करता रहा, जिससे पुलिस द्वारा बारीकी से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने से घटना करना स्वीकार करते हुए अपनी पत्नी का नायलोन की रस्सी से गला घोटकर हत्या करना स्वीकार किया ।




आरोपी का गवाही के समक्ष मेमोरंडम कथन लिया गया जो घटना में प्रयुक्त रस्सी को किचन से निकालकर करने पर समक्ष गवाहन जप्त करया गया। मामले में आरोपी द्वारा साक्ष्य छुपाये जाने का आशय पाये जाने से धारा-201 भादवि जोड़ी गई।

टारोपी के विरूद्ध प्रयात्प साक्ष्य सबुत पाये जाने पर आरोपी को गिरफ्तारी का कारण बताकर विधिवत दिनांक 11.03.2023 को गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजी गई। प्रकरण में त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार करने में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक श्री पिल्लराम मंडावी, सउनि महेन्द्र यादव, प्रा.आर. सियाराम, ताज खान, मनोहर सिन्हा, महेन्द्र साहू, आरण सुरेन्द्र रामटेके, परमानंद बोगा, शिवलाल वर्मा, मनीष सोनकर, म्हन सिन्हा, आनंद देवाले, शाहिद अंसारी की सराहनीय भूमिका रही ।

## एक नजर

### बुरगुम की महिला का 18 किलोमीटर दूर बारसूर में प्रसव की खबर भ्रामक एवं झूठी - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

**जगदलपुर ।** बास्तानार विकासखंड के ग्राम बुरगुम की महिला की 18 किलोमीटर दूर बारसूर में प्रसव की खबर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके चतुर्वेदी ने झूठी और भ्रामक बताया है। उन्होंने बताया कि बूरगुम की प्रमिला मंडावी को प्रसव पीड़ा प्रारंभ होने पर खाट से 18 किलोमीटर दूर ले जाने की खबर पूरी तरह झूठी एवं भ्रामक है। उन्होंने इस घटना को स्पष्ट करते हुए बताया कि प्रमिला को प्रसव पीड़ा प्रारंभ होने की जानकारी 102 के माध्यम से प्राप्त हुई, जिस पर 102 महतारी एक्सप्रेस का दल प्रमिला को लेने बुरगुम पहुंचा। बुरगुम में प्रमिला का घर पटेलपारा में अत्यंत दुर्गम स्थान पर होने के कारण उसके घर से लगभग 70 से 80 मीटर दूर 102 महतारी एक्सप्रेस की वाहन को खड़ी कर प्रमिला को वाहन तक लाने का प्रबंध किया गया और चिकित्सा दल द्वारा प्रमिला के स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात लगभग 5 किलोमीटर दूर मुतनपाल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रमिला को भर्ती किया गया। यहां प्रमिला ने सामान्य प्रसव के माध्यम से स्वस्थ शिशु को जन्म दिया तथा वर्तमान में जच्चा और बच्चा दोनों ही पूरी तरह स्वस्थ हैं।

### जय बालाजी इण्डस्ट्रीज के कर्मचारियों ने ली सुरक्षा की शपथ



**दुर्ग ।** जय बालाजी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड,औद्योगिक विकास केन्द्र रसमड़ा, दुर्ग में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। संस्थान के महाप्रबंधक द्वारा सुरक्षा दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला गया एवं शुन्य दुर्घटना के साथ-साथ शुन्य फस्टेड का संकल्प लिया गया। संस्थान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही सुरक्षा अधिकारी द्वारा अग्निशामक यंत्र का उपयोग करना तथा प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त साइट पर प्रशिक्षण एवं क्लास रूम प्रशिक्षण का आयोजन भी किया गया। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से औद्योगिक दुर्घटनाओं से बचाव के तरीको से कर्मियों को अवगत् कराया गया। पूरे सप्ताह में की जाने वाली प्रत्येक गतिविधि का एक मात्र उद्देश्य कर्मचारियों और लोगो को उनकी सुरक्षा के लिए जागरूक कर उन्हे सुरक्षा के विभिन्न तरीको से अवगत् कराना था। समापन अवसर पर (सुरक्षा अधिकारी) द्वारा कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सुरक्षा से संबंधित उपाय एवं सुरक्षा उपकरण के साथ कार्य करने के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होने कहा कि दुर्द्यटना के मात्र दो ही कारण होते है, पहला यह कि असुरक्षित कार्यस्थल व दूसरा कार्य के संबंध में जानकारी नही होना। यदि इन दो बातों को ध्यान में रखा जाए,तो दुर्घटना होने का कोई कारण ही नही है। यह जानकारी संस्थान के कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग कर्मचारी सुशील केशरी ने दी।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मानिकपुर में महिलाओं ने देखा कोयला उत्पादन

**कोरबा ।** कोरबा जिले के मानिकपुर कोयला खदान में महिला दिवस को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वाक् प्रतियोगिता अंतर्गत महिलाओं ने कार्यालयीन कार्य एवं घर के दायित्व में सामंजस्य पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दिवस पर महिलाओं के लिए कोयला खदान भ्रमण का कार्यक्रम रखा गया जिसमें उन्होंने कोयला उत्पादन से जुड़ी गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

## भिलाई निगम वार्ड 6 में कब दिखेगी विकास की तस्वीर- चैन सिंह



**भिलाई ।** भिलाई नगर निगम के वार्ड 6 में अच्छी सड़क , नाली निर्माण और सफाई की भारी कमी है साथ ही शौचालय भी बेहाल है । चैनसिंह पूर्व कांग्रेस ब्लॉक महामंत्री ने उक्त जानकारी देते हुए कहा की पार्षद रवि कुर्रे लगातार प्रयास कर रहे लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है । विधायक या महापौर इस वार्ड का दौरा ही नहीं करते है ।वार्ड 6 वीआईपी प्रियदर्शिनी नगर में .महापौर और विधायक आए और देखे समस्या और तत्काल निराकरण करे यही मेरी अपेक्षा है । वार्ड 6 को देखकर ऐसा लगता है की पीएम मोदी का स्वच्छता अभियान भी फ्लॉप साबित हो रही है और विकास जीरो है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चैन सिंह ने बताया की 1999 से पूर्व निर्माण तो हुई भी लेकिन बीस सालों से ज्यादा हो गए है और विकास के लिए तरस रहा है वीआईपी प्रियदर्शिनी नगर और दुर्भाग्य की बात है की आखिर वार्ड 6 में विकास क्यों नही हो रही है ।

## महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर महिलाओं के अधिकार एवं महिलाओं से संबंधित विधियों पर ग्राम बालीकोंटा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**जगदलपुर।** जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री आलोक कुमार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जगदलपुर द्वारा जिले में महिलाओं के अधिकार एवं महिलाओं से संबंधित विधियों पर महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत बालीकोण्टा के ग्राम पंचायत भवन में पिछले दिनों किया गया । इस जागरूकता कार्यक्रम में अधिवक्ता श्रीमती हेमलता नक्का एवं श्री विरेन्द्र बहोते रिसोर्स पर्सन के रूप में तथा प्रतिभागियों के रूप में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे । रिसोर्स पर्सन द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत नालसा के संकल्प गीत के साथ करते हुए छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पित कर, दीप प्रज्जवलित करते हुए किया गया । रिसोर्स पर्सन श्रीमती हेमलता नक्का अधिवक्ता द्वारा उक्त कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महिलाओं के अधिकारों से संबंधित विधिक सेवा योजनाओं की तथा महिलाओं के विरूद्ध अपराधों के संबंध में नि:शुल्क विधिक सहायता से संबंधित जानकारी उपस्थित प्रतिभागियों को देते हुए कहा गया कि शिक्षा से ही अपराध पर नियंत्रण पाया जा सकता है। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, भरण-पोषण, स्त्रीधन, पैतृक संपत्ति, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम एवं महिलाओं के विरूद्ध अपराध से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियां प्रदान की गई ।




रिसोर्स पर्सन श्री विरेन्द्र बहोते अधिवक्ता द्वारा उक्त कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को उनके मौलिक अधिकार, मूल कर्तव्य, विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी सहित महिलाओं के लिए शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी विस्तारपूर्वक प्रदान की गई । उक्त कार्यक्रम में उपस्थित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता नीलम ठाकुर द्वारा उपस्थित महिलाओं को महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों से भी अवगत कराया गया । अधिवक्ता श्री शुभम नेताम, ग्राम सरपंच श्रीमती फुलमती कश्यप, उप सरपंच श्रीमती प्रमिला बघेल, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता निलम ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन व पंच श्रीमती खगेश्वरी जोशी, श्री जितेन्द्र नक्का जल संग्रहण अधिकारी, कराटे प्रशिक्षक पूनम नेताम, सतबती बघेल सहित महिला स्व सहायता समूह के सदस्य एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### इलाके में बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत

**बलरामपुर ।** जिले में टाइगर ने एक बार फिर से रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में एक मवेशी का शिकार किया है। टाइगर के आ जाने से लोग जहां दहशत में है वही फॉरेस्ट की टीम ग्रामीणों से अपील कर रही है कि वह जंगल की तरफ ना जाएं। वाड्रफनगर और रघुनाथनगर में 10 दिन के भीतर तीन मवेशियों का शिकार करने के बाद बाघ पिछले लगभग 15 दिनों से शांत था और उसकी दस्तक सुनाई नहीं दे रही थी। इसी दौरान बाघ ने बीती रात रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में फिर से एक मवेशी का शिकार किया है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम उस इलाके में मौजूद है।


### भोजन-पानी की तलाश में शहर की गलियों में घूमते दिखे वन्य प्राणी भालू

**कांकेर ।** जिले में इन दिनों गर्मी में तापमान बढ़ने के साथ ही भोजन-पानी की तलाश में वन्य प्राणी भालू कांकेर शहर की गलियों में घूमते देखे जा रहे हैं। एकता नगर में आज रविवार के सुबह 08 बजे एक भालू सड़कों में दौड़ते देखा गया। नगर के एक शिक्षक ने भालू सड़क में घूमने का वीडियो बना लिया। शिक्षक पवन सेन ने बताया कि अक्सर भालू सड़कों में इस तरह घूमते देखा गया है, लेकिन अभी तक किसी प्रकार का नुकसान भालू ने नही पहुंचाया है। उल्लेखनिय है कि नगर के आस-पास के जंगलों में वन्य प्राणी भालू की बहुतायत संख्या है। अक्सर भोजन पानी की तालाश में भालू जंगल से नगर की ओर रुख कर जाते हैं। जंगलों में छोटे-छोटे डबरी जानवरों के लिए बनाए गए है लेकिन गर्मी के शुरुआती समय में ही डबरी सूखने की कगार पर है।

## शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार आज कवर्धा में - प्रकाश वर्मा



**कवर्धा।** शिवसेना जिला प्रमुख प्रकाश वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है! दिनांक 13/3/2023दिन सोमवार शाम 5 बजे संध्या शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार का कवर्धा आगमन हो रहा है! वर्मा ने बताया धनंजय सिंह परिहार बेमेतरा मुंगेली में संगठन का बैठक पश्चात कवर्धा संगठन का बैठक लेने कवर्धा आगमन हो रहा है!इस लिए जिल कबीरधाम के सभी शिवसैनिक कल प्रदेश प्रमुख के आगमन पर बड़ी संख्या में शामिल होंगे !जिला प्रमुख प्रकाश वर्मा ने बताया है संगठन की बैठक लेने के बाद धनंजय सिंह परिहार चैत्र नवरात्र में चुनरी यात्रा राम नौवमी के लिए कार्यकर्ता को दिशा निर्देश जारी करेंगे साथ ही संगठन विस्तार सदस्य अभियान और अगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ता को जिम्मेदारियां सौंपी जायेगी अंत में धनंजय सिंह परिहार पत्रकार वार्ता लेंगे फिर रात्रि विश्राम कवर्धा में ही कर प्रात: 14 मार्च को खैरागढ़ के लिए निकल जायेंगे !जिला प्रमुख प्रकाश वर्मा ने प्रेस के माध्यम से सभी शिवसैनिक को कल के बैठक में शामिल होने आमंत्रित किया है!



## भारतीय स्टेट बैंक भिलाई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया

**दुर्ग।** दिनांक 10.03.2023 को भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा सेक्टर-1 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे-

डॉक्टर श्रीमती संगीता सिन्हा (IVF विशेषज्ञ तथा सृजन टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की संस्थापक) श्रीमती निधि चंद्राकर (छ ग उड़ान नई दिशा की संस्थापक) श्रीमती श्वेता उपाध्याय (मेरे मन में बसता तेरा मन एवम् Petals of Childhood: Smiling Gems" की लेखिका )

आदरणीय डॉक्टर श्रीमति जी साधना (विगत 23 वर्षो से SBI के कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने तत्पर) कार्यक्रम का आयोजन सहायक महाप्रबंधक (RACPC) श्री रामदास मांझी जी की अध्यक्षता में हुआ।




मुख्य प्रबंधक (भिलाई मुख्य शाखा) स्वप्निल वाल्दे जी ने स्वागत उद्बोधन कर अथितियो का स्वागत किया माननीय अतिथिगणों ने महिला कर्मियो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, अपने खुद के लिए भी वक्त निकालने, अलग-अलग क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को लेकर तथा महिला सशक्तिकरण के बारे में काफी ज्ञानवर्धक जानकारी सांझा करी। साथ ही प्रबंधक (मानव संसाधन) बिदु किस्कू, मुख्य प्रबंधक (प्रशासन) नागेन्द्र गेडाम, मुख्य प्रबंधक (एस एम ई) अभिषेक गुप्ता, मुख्य प्रबंधक (RACPC) संजय गंगराड़े, मुख्य प्रबंधक दीपक कुमार सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही। मंच का संचालन श्रीमति रूपा कुजूर एवं श्रीमति प्रवीणा चंद्राकर ने किया। साथ ही श्रीमति नीलम ठाकुर, श्रीमति श्रुति ठाकुर, विनोद जगत तथा कु आयुषी की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी। एसबीआई अवार्ड स्टाफ भोपाल सर्किल के रायपुर मॉड्यूल की सहायक महासचिव श्रीमति रंगा वेणी जी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और सबका आभार व्यक्त किया। साथ ही एसबीआई अवार्ड स्टाफ भोपाल सर्किल के भिलाई क्षेत्र 2 के क्षेत्रीय सचिव श्री अरुण वर्मा जी, संगठन सचिव श्री चंद्रकांत पवार, संगठन सचिव श्रीमति सीमा मल्होत्रा, संगठन सचिव श्री आनंद साहू तथा सभी स्टाफ की प्रशंसनीय उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।







## जगदलपुर स्थित दंतेश्वरी मंदिर में वासंती नवरात्रि के लिए दीप प्रज्वलन हेतु ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीयन प्रारंभ

**जगदलपुर ।** जगदलपुर स्थित दंतेश्वरी मंदिर में वासंती नवरात्रि के लिए दीप प्रज्वलन हेतु ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गया है। शनिवार 11 मार्च को दीप प्रज्वलन हेतु ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीयन के शुभारंभ के अवसर पर टेंपल स्टेट कमेटी के सचिव एवं तहसीलदार श्री पुष्पराज पात्र, लोहंडीगुड़ा तहसीलदार श्री अर्जुन श्रीवास्तव सहित कमेटी के सदस्य श्री राजीव नारंग व अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष भी घृत दीप प्रज्वलन हेतु 1651 रुपए तथा तैल दीप प्रज्वलन हेतु 701 रुपए प्रदान कर पंजीयन कराया जा सकता है। दीप प्रज्वलन हेतु ऑनलाइन पंजीयन के लिए www. maadantes hwarijadgalpur.in पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही मंदिर प्रांगण में भी ऑफलाइन माध्यम से पंजीयन की सुविधा प्रदान की गई है। ज्योति कलश की स्थापना 22 मार्च को चैत्र नवरात्र आरंभ के अवसर पर अभिजीत मुहूर्त में की जाएगी। महाष्टमी हवन 29 मार्च को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा।

### नृत्य में मां दुर्गा के नौ रूपों की दी गई जीवंत प्रस्तुति

**कोरबा-जांजगीर ।** अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र एबीवीटीपीएस मड़वा के आवासीय परिसर में आकृति महिला मंडल सीनियर क्लब द्वारा 8 मार्च की पूर्व संध्या पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। आकृति महिला मंडल के सदस्यों ने इस अवसर पर नारीशक्ति के रूप में मां दुर्गा के नौ रूपों और मां काली के रौद्र रूप को नृत्य प्रस्तुति के साथ दिखाया गया। साथ ही सदस्याओं द्वारा भगवान शिव व माता पार्वती के बीच अटूट प्रेम व सर्मपण भाव की प्रस्तुति दी गई। महिला मंडल की अध्यक्ष निवेदिता बंजारा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महिला दिवस पर आकृति महिला मंडल द्वारा नारीशक्ति का बखान करते हुए भारत की ख्यातिलब्ध नारियों के देशप्रेम एवं योगदान को याद किया गया। इस मौके पर भागवत गीता एवं पुराणों का व्याख्यान किया गया। इसके साथ ही महिला मंडल के सदस्यों द्वारा रैंप वॉक और इंद्रधनुषी छटा के साथ रंगउत्सव की प्रस्तुति दी गई। अध्यक्ष निवेदिता बंजारा द्वारा महिला मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्याओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# जेके सीमेंट के अधिकारी अरुण यादव के मार्गदर्शन में बरमकेल, रायगढ़ और सारंगढ़ के पैंटरो की बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




अपने शानदार वॉलपेंटिंग के जरिए क्षेत्र में लगातार चर्चित सूरज साहू को गत माह जेके सीमेंट ने गोल्ड से सम्मानित किया था। बता दें कि सूरज साहू वॉलपेंटिंग का काम बखूबी जानते हैं और क्षेत्र में कई छोटे.बड़े घरों को वर्षों से सजाते आ रहे हैं। बरमकेला क्षेत्र में ज्यादातर वॉलपेंटिंग का काम सूरज को ही मिलता है। अब सूरज ने अपने काम का दायरा बढ़ाते हुए घर बनाने का काम भी शुरू कर दिया है। काम बढ़ते ही सूरज ने क्षेत्र के वॉलपेंटरो, छोटे-बड़े ठेकेदार, मिस्त्री वॉलपेंटरों और मजदूरों को मिलाकर सूर्या कांट्रेक्टर ग्रुप बनाया है। इसी कड़ी में गत दिवस सूर्या कांट्रेक्टर ग्रुप ने रायगढ़, सारंगढ़ और बरमकेला क्षेत्र में काम करने वाले पेंटर बंधुओं की सामूहिक बैठक संपन्न हुई।

## हाईटेक हो रहा काम

बैठक में सूरज साहू ने पूरी टीम को एक साथ मिलकर क्षेत्र में काम करने की बात पर जोर दिया। सूरज ने बताया कि पुट्टीए पेस्टिंग और पेंट का सारा काम हाईटेक हो रहा है। पेंटिंग के लिए हमारे पास मशीनें उपलब्ध है। पूरा काम मशीन से किया जाएगा। मशीन से काम करने में पेंटर बंधुओं को आसानी होगी। उनके समय में बचत होने के साथ-साथ पेंटिंग में अधिक निखार आएगा और मकान मालिकों को भी अच्छा काम मिलेगा। इसके लिए सूर्या ग्रुप से लेबड़ा के मदन साहू और उनके अधिकारी भी जुड़ चुके हैं। मदन साहू और सूरज साहू दोनों के एक साथ होने से काम की गुणवत्ता और अधिक हो जाएगी क्योंकि इन दोनों को इस फील्ड की बेहतर जानकारी है।

## डिजिटल काम से समय की बचत, एक्सपर्ट्स से काम आसान

सूर्या ग्रुप के पास हाईटेक मशीन उपलब्ध है इसे चलाने के लिए एक्सपर्ट्स ऑपरेटर के रूप में कौशल यादव, कुमार यादव, कपूर, हरि यादव और ओम कुमार जुड़े हैं जो ग्रुप के अन्य नए पेंटरों को भी ट्रेनिंग देंगे। हरि यादव और माधव बैरागी ग्रुप के एक्टिव मेंबर हैं। अब ग्रुप के साथ डभरा से विक्की दास और बरमकेला से गुलशन चौहान जुड़कर डिजिटल तरीके से महीनों से पुट्टी और पेंटिंग का पूरा करवा रहे हैं।

## हर प्रकार के डिजाइन उकेरने में सक्षम

सूर्या कांट्रेक्टर वॉलपेंटिंग के हर प्रारूप में बेहतर डिजाइन के साथ आला दर्जे का काम करता है। यहां मोहित मानिकपुर बसना, आर्किटेक्ट अपनी सेवाएं देते हैं जो हर प्रकार के डिजाइन जैसे आर्ची कांकरीट, वैनेजियो, टोरिनो कालसीकूड़ा, ईस्ट्रूको, एनरिको स्कारी, ड्यून, रायल पले, टेक्स्टाईल, रस्टीक सिग्नेचर वाल एशियन पेंट, 3.डी डिजाइन, स्टाइलिस्ट टेक्सचर, स्टेनस्लिस डिजाइन का काम सटीक और अच्छे तरीके से करते हैं।

## ब्रांड के साथ करें काम बनाये अपना नाम रू अरुण यादव

बैठक में उपस्थित सूर्या ग्रुप का मार्गदर्शन करने वाले जेके सीमेंट के अधिकारी अरुण यादव ने कहा कि अपने हर साइड में पेंटर भाई केवल जेके वॉलमैक्स पुट्टी ही लगाएं क्योंकि जेके वॉलमैक्स पुट्टी वर्ल्ड की नंबर वन पुट्टी है। लोकल पट्टी लगाकर अपना नाम और काम खराब ना करें। अच्छे से अच्छा काम करें। टॉप ब्रांड लगाएं। मेरा मानना है कि अच्छा काम ही व्यक्ति का नाम और पहचान बनाता है इसलिए जहां भी काम करेंए अच्छी क्वालिटी की पुट्टी और पेंट लगाकर काम करें ताकि आपके नाम और काम की तारीफ हो। सुरज साहू जेके वॉलमैक्स पुट्टी का उपयोग अपने ग्राहकों के घरों में करते हैं जिसके कारण घर की रौनक बढ़ जाती है और घर मालिकों को उनका बेहतर कार्य देखकर खुशी का अनुभव होता है। विगत कुछ दिनों में सूरज साहू ने वॉलमैक्स पुट्टी की लगातार खरीदी की है जिससे कंपनी की स्कीम का सूरज को लाभ मिल रहा है और मकान मालिकों भी उचित कीमत पर बेस्ट पुट्टी मिल रहा है। सूरज साहू के काम से लोग सन्तुष्ट हैं और अब क्षेत्र के सभी पेंटर बंधु एक होकर हाईटेक काम कर रहें हैं। इनके काम में पहले से और अधिक गुणवत्ता नजर आ रही है।

## सूरज ने जताया आभार

*बैठक के समापन में सूरज साहू ने उपस्थित अधिकारियों, सहयोगीयों और पेंटर बंधुओं का आभार व्यक्त किया और अपील करते हुए कहा कि श्सूर्या कांट्रेक्टर रायगढ़ शहर के साथ-साथ जिले वासियों और आसपास ग्रामीण क्षेत्र के घर मालिकों से आशा करता है कि उन्हें एक बार काम करने का अवसर जरूर दें ताकि हम अपने काम के जरिए उनके घर बनाने का सपना पूरा कर उनके चेहरे पर रंग.बिरंगी मुस्कान बिखेर सकें।*

# स्वास्थ्य विभाग में कलेक्टर दर पर विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला बेमेतरा अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों में रिक्त संविदा पदों पर वाक इन इन्टरव्यू के माध्यम से कलेक्टर दर पर अस्थाई रूप से पद स्वीकृत किये गए हैं। इच्छुक अर्हताधारी अभ्यर्थी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में स्व.प्रमाणित समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ 16 मार्च 2023 प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बेमेतरा में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकतें है। किसी भी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निर्धारित तिथि के पूर्व एवं पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त भर्ती हेतु जिले के स्थानीय निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी। जिले के स्थानीय निवासी के नहीं मिलने की स्थिति में ही छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के पात्र अभ्यार्थियों को मेरिट क्रमानुसार प्राथमिकता दी जायेगी। विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें जिले की वेबसाइट् पर अवलोकन कर सकते हैं।

आपरेशन निजात के तहत पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# 150 लीटर कच्ची महुआ शराब सहित 02 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




जिले में पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा चलाये जा रहे नशे के विरूद्ध आपरेशन निजात कार्यवाही पुरे बिलासपुर जिले में की जा रही है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहूल देव शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना रतनपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही किया जा रहा हैं कि 11 मार्च के मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम जाली में भारी मात्रा में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बनाया जा रहा है। कि सूचना पर त्वरित कार्यवाही करने हेतू थाना टीम द्वारा ग्राम जाली में उक्त व्यक्ति के बाड़ी व घर में रेड कार्यवाही करने पर भारी मात्रा में हाथभट्ठी में कच्ची महुआ शराब बनाते हुए मिले। आरोपियो के कब्जे से 150 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती लगभग 22500 रूपये को जप्त किया, तथा उक्त व्यक्तियों से उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम 1, संकेश मरावी पिता पंचराम 2 मनीष जगत पिता स्व. राधेश्याम जगत दोनों निवासी जाली थाना रतनपुर बताये। जिनके द्वारा शराब बनाने व रखने के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई कागजात नही होने से अभियुक्तगणों के विरूद्ध धारा 34;2, आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## एक नजर

### महिला सम्मान समारोह एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन-सबीना खान

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा मुख्यालय के नवागढ़ में महिला दिवस के अवसर पर सहेली सोशल वेलफेयर फाउंडेशन नवागढ़ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम महिला सम्मान समारोह एवं होली मिलन समारोह में सभी आस पास गावों के महिलाओं ने शामिल हुए। जहां इस कार्यक्रम के अंतर्गत नारी शक्तियों का सम्मान किया जिन्होंने अपनी घर गृहस्ती एवं सामाजिक क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उद्बोधन में कहां कि नारी शक्तियों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज के समय में सभी क्षेत्रों में नारी काफी हद तक पुरुषों के बराबरी कर रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रही अंजलि मारकंडे अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़, सलमा शरीफ एडवोकेट मोहनी साहू, सब इंस्पेक्टर दुर्ग,सरिता गुप्ता प्राचार्य स्वामी आत्मानंद स्कूल, मोनिका गुप्ता,नेशनल कबड्डी प्लेयर दुर्ग पुलिस सुभद्रा साहू सभापति जनपद पंचायत लता जयसवाल जी पार्षद नगर पंचायत, मंजूलता रात्रे,पार्षद, अनीता पात्रे वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री, रोली वैष्णव, विद्या जैन, पूजा श्रीवास्तव, नीलू कुशवाहा,मनिंदर कौर,रूबी सलूजा, रनिया देवी एवं बढ़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्र भर से माताएं बहने।

### प्रेमी ने पति को भेजी पत्नी की वीडियो, अपराध दर्ज

**कोरबा** । प्रेमिका की शादी होने के बाद नाराज प्रेमी ने उसके पति को पहले में उसके साथ बनी वीडियो भेज दी। इससे दांपत्य जीवन टूटने पर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है।

उरगा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती की पिछले माह मानिकपुर चौकी क्षेत्र में रहने वाले पुलिस जवान से शादी हुई। युवती का शादी से पहले गांव के एक युवक के साथ प्रेम-संबंध था। शादी होने पर युवती ने युवक से दूरी बना ली। दूसरी ओर युवक उसे शादी के बाद भी प्रेम संबंध बनाए रखने दबाव बनाने लगा था। वह अपने साथ बने उसकी आपत्तिजनक वीडियो को उसके पति को भेजने की धमकी देता था। युवती ने उसकी बातों को नजर अंदाज कर दिया। इससे नाराज प्रेमी ने उसके साथ की वीडियो उसके पति को भेज दी। पत्नी के शादी से पहले युवक से प्रेम संबंध का वीडियो देखते ही नवदंपति का दांपत्य जीवन टूटने की स्थिति पर पहुंच गया।

### दूधीटांगर जंगल में पहुंचे 20 हाथियों का दल

**कोरबा** । वन मंडल कोरबा के करतला रेंज से 12 हाथियों का झुंड छाल की ओर जाने के बाद बालको रेंज में 20 हाथियों का झुंड 2 सप्ताह से एक ही स्थान पर घूम रहा है। झुंड में 6 बच्चे होने की वजह से हाथी आगे नहीं बढ़ रहे हैं। वन विभाग की टीम हाथियों की निगरानी कर रही है। झुंड में बच्चे होने की वजह से हाथी आबादी क्षेत्र से दूर ही रहते हैं। बालको से लेमरू मार्ग पर दूधीटांगर के पास हाथी जंगल को नहीं छोड़ रहे हैं। रेंजर के अनुसार हाथियों का झुंड बच्चों की सुरक्षा पर अधिक ध्यान देता है। ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने की हिदायत दी गई है।

### किसान कल्याण समिति ने प्रदर्शन कर एसईसीएल की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर जताया विरोध

**कोरबा** । ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के बैनर तले शनिवार को एसईसीएल कोरबा एरिया के सुराकछार.बलगी उपक्षेत्र के सब एरिया दफ्तर के बाहर भैरोताल बस्ती के लोगों ने प्रदर्शन किया और कंपनी के सुराकछार खदान के पास खाली जमीन पर किए जा रहे कब्जे का विरोध जताया। एसईसीएल प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर मौन रहकर अपनी सहमति देने पर बस्तीवासियों की नाराजगी सामने आई। करीब घंटेभर के विरोध प्रदर्शन के बाद सब एरिया मैनेजर को ज्ञापन भी सौंपा।

# सहेली सोशल बेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में महिला सम्मान समारोह एवं होली मिलन का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




नवागढ़, सहेली वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष सबीना खान द्वारा आत्मानन्द स्कूल में महिला सम्मान समारोह व होली मिलन समारोह का आयोजन रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गुरुदयाल बंजारे ने रहे जिनकी सुवागत सबीना खान व उनके आये हुवे समूह के महिलाओं द्वारा फुल हार के साथ भव्य सुवागत की। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए संसदीय सचिव विधायक को महिला सम्मान समारोह पत्र देकर सम्बोधित की। साथ ही साथ इस कार्यक्रम आगे बढ़ाते हुवे स्व सहायत समूह द्वारा महिला सम्मान समारोह व होली मिलन में समिलित होकर सहेली वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष सबीना खान ने आये हुए महिलाओं का भव्य स्वागत कर बड़ी उत्साह के साथ होली मिलन के अवसर पर आये हुए सभी महिलाओं के साथ होली खेलकर सभी माता बहनों को साल, फल, मोमेटों देकर सप्रेम भेंट कर सम्मानित की।



# आधुनिक एवं जैविक कृषि का अध्ययन करने 24 प्रगतिशील किसानों का दल जबलपुर रवाना




जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।


जिला बलौदाबाजार भाटापारा के कृषि विभाग में संचालित जैविक खेती मिशन योजना अंतर्गत जैविक खेती में नवाचार को बढ़ावा देने एवं जैविक खेती से अपनी आय में वृद्धि करते हुए आत्मनिर्भरता की अग्रसर होने हेतु विकासखंड कसडोल के 24 कृषकों एवं 3 विभागीय अमलो का दल को जबलपुर मध्यप्रदेश के रवाना किया गया। इस मौके पर उपसंचालक कृषि जोशेफ टोप्पो ने सभी किसानों को बधाई देतें हुए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उन्होंने बताया गया कि राज्य के बाहर प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम के तहत् 11मार्च से 20 मार्च तक कृषकों को जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय जबलपुर, बोरलॉग इंस्टिट्यूट फॉर साउथ एशिया,जबलपुर,कृषि विज्ञान केंद्र जबलपुर एवं अन्य संस्थानों में जैविक खेती से जुड़े वैज्ञानिकों से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। साथ ही जैविक तरीको के उचित समावेशन के साथ उत्पादित विभिन्न फसलों के प्रक्षेत्र का भ्रमण भी करेंगे एवं उन्नत तकनीकों का अनुसरण कर जैविक फसलों के उत्पादन में वृद्धि कर सकतें है। जैविक खेती करने वाले कृषकों के लिए यह प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम लाभ कारी सिद्ध होगी तथा कृषकों जैविक खेती को और बेहतर तरीके से संपादन करने हेतु प्रोत्साहन मिलेगा।

# पटवारी ने किया खाते की भूमिका किसान किताब जारी करने में टालमटोल

कलेक्टर से की शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-मालखरौदा।

पटवारी द्वारा खाते की भूमिका किसान किताब जारी किए जाने में टालमटोल करने का मामला सामने आया है। दरअसल मामला ग्राम करिगांव का है जहां शिकायतकर्ता अच्छे कुमार गबेल आमनदुला निवासी ने कलेक्टर के समक्ष शिकायत किए हैं। शिकायतकर्ता ने कहा है कि ग्राम करिगांव पं. ह. नंबर 07 सकर्रा तहसील अड़भार अवस्थित भूमि खसरा नंबर 971/4 रकबा 0.684 हे. में से रकबा 0.405 हे भूमि को विक्रेता कोशिल्या पति सेत राम निवासी करिगांव से एवं खसरा नंबर 1145/2 रकबा 0.0610 हेक्टर भूमि को विक्रेता सेतराम चन्द्रा पिता राम सेवक ग्राम करिगांव से 18 अक्टूबर 2022 को रजिस्ट्री विक्रय पत्र के जरिए खरीदा गया। जिसके बाद क्रयशुदा भूमियों को अच्छे कुमार के नाम पर नामांतरण होकर राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया गया जिसके बाद खरीदी गई जमीनों का किसान किताब हेतु दिनांक 3 जनवरी 2023 को रजिस्ट्री बिक्री पत्र की कॉपी लेकर पटवारी हल्का नंबर 7 ग्राम करिगांव मैं पदस्थ पटवारी सेवती पटेल से संपर्क किया गया तो पटवारी द्वारा आवेदक को तहसील से किसान किताब लाकर देने पर ही किसान किताब जारी करने की बात कही। तब आवेदक ने तहसील कार्यालय मालखरौदा मैं किसान कीतब हेतु संपर्क करने पर कानूनगो शाखा के बाबू के द्वारा किसान किताब को हल्का पटवारी को देने की बात कही गई । जिसके बाद कानूनगो के बाबू को फोन के माध्यम से पूछने पर कहा गया कि पटवारी को किसान किताब उपलब्ध करा दिया गया है जिसके बाद पटवारी से आवेदक पुनः संपर्क किया तो पटवारी ने अपनी मनमानी शुरू कर दी। तुम एक किसान के लिए मैं पर्ची लेने नहीं जाऊंगी। ऐसे करते करते आज दिनांक तक उसके द्वारा रिकॉर्ड दुरुस्ती के बाद भी किसान को पर्ची नहीं मिली है। जिसके बाद किसान ने परेशान होकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालखरौदा एवं तहसीलदार के समक्ष किसान किताब जारी करने का निवेदन किया गया जिसके बाद फोन के माध्यम से उन्होंने पटवारी को किसान किताब जारी करने के निर्देश दिए। जिसके बाद भी पटवारी ने अपने अड़ियल रवैया दिखाकर किसान का पर्ची आज तक नहीं बनाया गया है। किसान ने पर्ची के नहीं मिलने पर सहकारी समिति से खाद बीज इत्यादि नहीं मिलने की बात कही। इस समस्या को देखते हुए किसान ने पटवारी सेवती पटेल के खिलाफ कलेक्टर सक्ती, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और तहसीलदार मालखरौदा के समक्ष शिकायत किसान ने किया है। किसान आमनदुला निवासी है उसने करिगांव में पहली बार जमीन खरीदी है। पटवारी के मनमानीयों से किसान खासा परेशान हैं उसने प्रशासन से गुहार लगाई है कि खरीदी गई जमीन की पर्ची अति शीघ्र पटवारी हल्का द्वारा आदेशित कर प्रदान किया जाए।



L क्रमांक L [redacted]
भू-अधिकार
एवं
ऋण पुस्तिका
(एकीकृत)
भाग-1 एवं भाग-2
[redacted]


# बेशकीमती शासकीय भूमि का स्टांप पेपर में बकायदा नोटरी के साथ हुआ अवैध खरीद-फरोख्त

## तीन मकानों की शिकायत के बाद लगभग तीन दर्जन और मकान बन चुके...!!

जोहार छत्तीसगढ़







**रायगढ़।** छातामुड़ा की बेशकीमती कोटवारी भूमि पर लगभग तीन दर्जन मकानों का अवैध अतिक्रमण और महंत समाज की श्मशान भूमि पर तीन होम गार्ड के मकानों का निर्माण कर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मामला तहसील न्यायालय पुसौर में अभी चल रहा है और महंत समाज की श्मशान भूमि पर तीन दर्जन मकानों का निर्माण और हो चुका हैं! अब कोटवार भूमि और महंत समाज के श्मशान भूमि पर आज आक्रमणकारियों की संख्या लगभग 70 से अधिक हो चुकी है जिन्होंने उपरोक्त भूमि को स्टांप पेपर पर बकायदा रकम का उल्लेख कर जमीन की खरीदी बिक्री के प्रमाण मिले हैं! लगभग यूं कहे की शासकीय भूमि पर एक मोहल्ला ही बस गया है! ऐसा नहीं है कि रातों-रात यह मकानी बनी है शासकीय भूमि की खरीद-फरोख्त एवं मकान निर्माण के संबंध में राजस्व विभाग भलीभांति परिचित हैं क्योंकि पूर्व में शासकीय भूमि की अवैध खरिदी बिक्री के मामले में प्राथमिकता से खबर ललाए जाने पर राजस्व विभाग के नुमाइंदों के द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच पंचनामा बनाया गया था जिसके आधार पर न्यायालय पर मामला चल रहा है! किंतु राजस्व विभाग के नुमाइंदों की उदासीनता कहें या सांठगांठ जिससे दिन-ब-दिन मकान निर्माण होता रहा और हल्के में पदस्थ पटवारी अपने घर में सोता रहा !

### राजस्व विभाग की उदासीनता या सांठगांठ से हुआ अतिक्रमण?

अब पूर्व में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे के दर्ज किए गए प्रकरण का निराकरण नहीं हुआ है और लगभग 3 दर्जन से अधिक शासकीय भूमि पर और मकान बन चुके हैं तथा कुछ मकान निर्माण अभी बड़ी तेजी से चल रहा है! ऐसे में अवैध कब्जा धारियों को बेदखल करने में प्रशासन पसीने छूट जाएंगे!!*

# चंद्रनाहु चंद्रा समाज द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।



चंद्रनाहु चंद्रा समाज द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन संपन्न जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. चौलेश्वर चंद्रा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग ने अपने उद्बोधन में कहा कि सच्चाई की जीत निश्चित होती है प्रदेश के मुख्या मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है महिला स्व सहायता समूह द्वारा बनाए गए रंग गुलाल छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुफ्त भी मिल रहा है। अत: समाज की एकता एकजुटता में होती है जो कि चंद्रा समाज की उपलब्धि बुलंदियों पर है यह एक मिसाल है इनके अलावा विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण चंद्रा डॉ तंडेश चंद्रा जे डी संरक्षक एचपी चंद्रा मौसम वैज्ञानिक संरक्षक उषाबोध राम चंद्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष बसंत चंद्रा संरक्षक धनीराम चंद्राकर संरक्षक वाशु चंद्रा लता चंद्रा उपाध्यक्ष उमा चंद्रा सचिव पुष्पा चंद्रा सहसचिव किशोर चंद्रा यज्ञनारायण चंद्रा गोपाल चंद्रा लोकेश चंद्रा भोजराम चंद्रा आरती चंद्रा उत्तम चंद्रा विनोद चंद्रा राजकुमार चंद्रा महेश चंद्रा पुणीमा चंद्रा गोपेश्वर चंद्रा होमेश्वरी चंद्रा गणेश चंद्रा सुशीला चंद्रा कन्हैया चंद्रा टंकेश्वर चंद्रा अमर चंद्रा शिवराम चंद्रा महेंद्र चंद्रा डॉ अजय चंद्रा दीप्ति चंद्रा रामेश्वर चंद्रा संतोषी चंद्रा गुरुचरण चंद्रा जिला युवा अध्यक्ष समिल रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता बोध राम चंद्रा किया।

# सीसी सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही

* कार्य प्रारंभ करने से पूर्व नहीं लगाया बोर्ड

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

सुकमा जिले के कूकानार में ड़ेंग पारा में अमासु घर के पास निर्माणाधीन सीसी सड़क निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है शासन के नियमों को दरकिनार कर किया जा रहा है निर्माण कार्य

### कार्य के सम्बंध में नहीं लगाया गया बोर्ड



### घटिया मुरुम डाल कर की जा रही निमार्ण

शासन के नियमानुसार कार्य प्रारंभ करने से पूर्व कार्य स्थल पर कार्य की लागत,मद व अन्य जानकारियों का उल्लेख करते हुए बोर्ड लगाना चाहिए जिससे आम जनो को होने वाले कार्य के विषय में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके परन्तु सब इंजीनियर के द्वारा लापरवाही करते हुए बोर्ड लगाने से पूर्व ही कार्य प्रारम्भ करवा दिया गया जिससे आम जनो को इस विषय में जानकारी प्राप्त करने में समस्या हो रही है उन्हें यह ही नहीं पता है कि यहां सीसी सड़क बनना है या मुर्मीकरण कार्य होना है।



### घटिया मुरुम का हो रहा है इस्तेमाल

*सीसी सड़क की गुणवत्ता में कार्य प्रारम्भ होते ही लापरवाही बरती जा रही है घटिया मुरुम का श्तेमाल कर शासन को लाखों रु का चूना लगाया जा रहा है। इस विषय पर जब हमने कूकानार के सचिव डुंडीराम यादव से बात करनी चाही तो उन्होंने मोबाईल नहीं उठाया कार्य को तकनीकी रूप से देख रहे सब इंजीनियर नितिन शर्मा से जब हमने बात की तो उन्होंने सोमवार से शनिवार के बीच ही किसी प्रकार की जानकारी देने की बात की जब हमने कार्य स्थल पर निर्माण सम्बन्धी बोर्ड न लगे होने की जानकारी दी तो उन्होंने कहा पंचायत को बोर्ड लगाने की जानकारी दी गई है।*

## एक नजर

### महिला सम्मान समारोह एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन-सबीना खान

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा मुख्यालय के नवागढ़ में महिला दिवस के अवसर पर सहेली सोशल वेलफेयर फाउंडेशन नवागढ़ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम महिला सम्मान समारोह एवं होली मिलन समारोह में सभी आस पास गावों के महिलाओं ने शामिल हुए। जहां इस कार्यक्रम के अंतर्गत नारी शक्तियों का सम्मान किया जिन्होंने अपनी घर गृहस्ती एवं सामाजिक क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उद्बोधन में कहां कि नारी शक्तियों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज के समय में सभी क्षेत्रों में नारी काफी हद तक पुरुषों के बराबरी कर रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रही अंजलि मारकंडे अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़, सलमा शरीफ एडवोकेट मोहनी साहू, सब इंस्पेक्टर दुर्ग,सरिता गुप्ता प्राचार्य स्वामी आत्मानंद स्कूल, मोनिका गुप्ता,नेशनल कबड्डी प्लेयर दुर्ग पुलिस सुभद्रा साहू सभापति जनपद पंचायत लता जयसवाल जी पार्षद नगर पंचायत, मंजूलता रात्रे,पार्षद, अनीता पात्रे वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री, रोली वैष्णव, विद्या जैन, पूजा श्रीवास्तव, नीलू कुशवाहा,मनिंदर कौर,रूबी सलूजा, रनिया देवी एवं बढ़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्र भर से माताएं बहने।

### अवंती विहार व्यापारी संघ का होली मिलन समारोह संपन्न



**रायपुर।** अवंती विहार व्यापारी संघ का होली मिलन समारोह आज होटल फूड हब में संपन्न हुआ, उक्त जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया की समारोह में व्यापारियों ने होली की शुभकामनाएं देते हुए आपस में सभी को रंग गुलाल से तिलक कर पानी बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर हास्य व्यंग एवं चुटकुले से पूरा वातावरण होलिमय हो गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्वश्री अशोक गुप्ता, किशोरचंद नायक, अखिल चटर्जी, राजिंद्र कुमार शर्मा,सुब्रत घोष, सनत देवांगन, अनिल गुप्ता, हरीश लोकवाणी, राजेश कुमार दुलहानी, लक्ष्मण दास कुकरेजा, राहुल ठेठवार, गोविंद राव खोबरागड़े, विष्णु माखीजा, शंकर वैश्य, भरत अंबवानी, राजकुमार जैन सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जमीन विवाद को लेकर पुत्र ने की पिता की हत्या

**कोरबा** । जमीन बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद के चलते होली के दिन नशे में धुत छोटे बेटे से पिता की कहासुनी हो गई। तब बेटे ने पिता को जमीन पर पटककर गिराया, फिर गला दबाकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उरगा थाना अंतर्गत करमंदी गांव में निवासरत 65 वर्षीय वृद्ध चमार सिंह गोड़ के मकान के साथ ही उसके दो बेटे कवल गोड़ 39 व पवन गोड़ 37 का अलग-अलग मकान है। चमार सिंह के नाम से गांव में मौजूद जमीन के बंटवारे को लेकर पवन से उसका विवाद चल रहा था। होली के दिन पवन नशे में धुत होकर घर पहुंचा, जहां जमीन बंटवारे को लेकर पिता.पुत्र के बीच कहासुनी हो गई। पिता ने नशे में बात करने की बात कहते हुए उसे एक झापट मारा। इतने में आक्रोशित होकर पवन ने पिता को जमीन पर पटककर गिराते हुए उसका गला दबा दिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# महामाया संत यात्रा का मातृशक्ति ने हिंदू स्वाभिमान जागरण संत पदयात्रा का भव्य स्वागत किया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

महामाया संत यात्रा का अभूतपूर्व स्वागत रतनपुर में किया गया छत्तीसगढ़ के चार प्रमुख तीर्थ स्थलो से 18 फरवरी महाशिवरात्रि से 19 मार्च तक आयोजित इस संत यात्रा का आगमन रतनपुर में हुआ जहं पर हेलीपेड के पास स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।





तत्पश्चात संत यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकली। जहां प्रत्येक चौक चौराहे पर नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर साधुसंतो की आरती उतार कर उनका आशीर्वाद लिया। संतयात्रा के गांधीनगर पहुंचने पर वार्ड क्रं 2की पार्षद नीतू निरंजन सिंह क्षत्रिय के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने संतसमाज का स्वागत किया सड़क के दोनों किनारे सर पर मंगल कलश लेकर कतारबद्ध खड़ी मातृशक्तियो ने साधुसंतो पर पुष्प वर्षा किया और संतसमाज का आशीर्वाद लिया। स्वागत करने वाले में मुख्य रूप से नीलू मानिकपुरी,सरस्वती पटेल,शिवानी सोनी,विद्या राजपूत,सुषमा राजपूत,उषा चौहान,इंदु यादव,माधवी छतरी,संतोषी निर्मलकर,पूर्णिमा वैष्णो,रीता सिंह,अलका सिंह,आदि बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

# वृहत केलो परियोजना से 22 हजार हेक्टेयर में होगी सिंचाई

रायगढ़ जिले के 167 गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए मिलेगा पानी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ की जीवनरेखा केलो नदी पर बन रही केलो वृहत सिंचाई परियोजना से जिले में व्यापक स्तर पर सिंचाई की सुविधा किसानों को मिलेगी। इस विशाल परियोजना की शुरुआत 2009 में हुई थी।



### पेयजल और निस्तार में भी होगी सहायक

इसकी लागत 891 करोड़ रुपए है। इसमें केलो डैम के निर्माण के साथ ही मुख्य नहर, शाखा और वितरक नहरों का निर्माण शामिल है। केलो डैम की क्षमता 61.95 मिलियन क्यूबिक मीटर है। इस परियोजना के पूरे होने से 175 गांवों के 22 हजार 810 हेक्टेयर को सिंचाई सुविधा मिलेगी। जिसमें रायगढ़ जिले के 167 गांवों की 21 हजार 596 हेक्टेयर और सक्ती जिले के 8 गांवों की 1 हजार 214 हेक्टेयर जमीन शामिल है। इसमें राज्य के साथ केंद्र का भी हिस्सा है। इसके निर्माण की उच्च स्तर से नियमित समीक्षा की जा रही है। दिसंबर 2023 तक इसे पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

### मुख्य नहर और शाखा नहर का काम पूरा, वितरक और लघु नहरों में चल रहा काम

परियोजना में कुल 313 कि.मी.लंबाई के नहर बनाने है। जिसमें से 248 कि.मी. लंबाई की नहरें बनाई जा चुकी हैं। इसमें 1 मुख्य नहर के साथ, 1 शाखा नहर, 7 वितरक नहर और 91 लघु नहरों का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें मुख्य नहर के 28.31 किमी और झारमुड़ा के 16.11 कि.मी.शाखा नहर का काम पूरा किया जा चुका है। वहीं 68.60 कि.मी.वितरक नहर और 135.50 कि.मी.लघु नहरों का काम पूरा हो चुका है। शेष कार्य भी पूरा किया जा रहा है। परियोजना को दिसंबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### परियोजना पूर्ण होने से ये होंगे फायदे

केलो परियोजना में नहरों का काम पूरा होने पर हजारों किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। नहर से पानी मिलने से जहां सिंचित रकबे में वृद्धि होगी वहीं फसल की उत्पादकता भी बढ़ेगी। भू-जल रिचार्ज करने में भी इससे मदद मिलेगी। निस्तार और पेयजल की आपूर्ति में भी सहायता होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in